चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 325, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 25 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को निलंबित किया

**केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नवगठित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित कर दिया है, इस फैसले से संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष नहीं रह पाएंगे**

**नई दिल्ली**
केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नवगठित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित कर दिया है। इस फैसले से संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष नहीं रह पाएंगे। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद संजय सिंह द्वारा लिए गए सभी फैसलों पर भी रोक लगा दी गई है। संजय सिंह हाल ही में डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। उन्हें 40 मत मिले थे। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद संजय सिंह ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में कराए जाने की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार ने इस फैसले के कारण ही यह कदम उठाया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि डब्ल्यूएफआई के नवनिर्वाचित कार्यकारी निकाय द्वारा लिए गए फैसले पूरी तरह से नियमों के खिलाफ हैं और डब्ल्यूएफआई के प्रावधानों और नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड का उल्लंघन है। इन फैसलों से नए अध्यक्ष की मनमानी दिखाई देती है, जो सिद्धांतों के खिलाफ है और पारदर्शिता से रहित है। निष्पक्ष खेल, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन महत्वपूर्ण है। एथलीटों, हितधारकों और जनता के बीच विश्वास बनाना महत्वपूर्ण है।





## अब मेरा ध्यान लोकसभा चुनाव पर : बृजभूषण शरण

**नई दिल्ली**
नवगठित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) निलंबित होने के बाद भाजपा सांसद एवं डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वह कुश्ती से दूरी बना चुके हैं और उनका पूरा ध्यान लोकसभा चुनावों पर है। बृजभूषण ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने 12 साल तक कुश्ती के लिए काम किया। अच्छा किया या गलत किया, इसका मूल्यांकन समय करेगा। एक तरह से मैं कुश्ती खेल से संन्यास ले चुका हूं।

## मंत्रालय के फैसले से आश्चर्यचकित हूं: संजय सिंह

**मंत्रालय** के फैसले के बाद संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने जो भी निर्णय लिया है। मैं इसका स्वागत करता हूं। मगर इस फैसले से आश्चर्यचकित हूं। खेल मंत्रालय से इस बारे में पूछूंगा। लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हुआ था। चुनाव में मुझे 40 वोट मिले। मैं चुनाव जीत के ही भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बना हूं। मुझे अध्यक्ष पद विरासत में नहीं मिला, लेकिन मेरे लिए खेल मंत्रालय सर्वोपरि है। अभी इस मामले को लेकर मेरी खेल मंत्रालय से कोई बात नहीं हुई। मैंने पहलवानों को लेकर कोई विवादित बयान भी नहीं दिया है।' सिंह ने कहा, 'मैंने कहीं भी पहलवानों का कोई अपमान नहीं किया। मैं सभी पहलवानों को एक साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहा था। गोंडा के नंदनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 3 दिवसीय नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन होना था। ताकि अंडर-15 और अंडर- 20 के बच्चों का साल बर्बाद न हो और वह कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले सकें।'



संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का नया अध्यक्ष चुना गया था। संजय सिंह को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है, जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। चुनाव में संजय सिंह को सर्वाधिक मत मिले और इसे निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण का राष्ट्रीय महासंघ पर परोक्ष नियंत्रण माना जा रहा था।

संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने का ऐलान कर दिया था। उनके बाद बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटाने की घोषणा की थी।

## कुश्ती संघ के निलंबन से 40 सीटों को साधने का सियासी गणित!



**देश** के पहलवानों और कुश्ती संघ के बीच चल रहा द्वंद्व एक बार फिर सियासत का बड़ा अखाड़ा बन गया है। कोर्ट के आदेश के बाद कुश्ती संघ के चुनाव हुए, लेकिन कुछ विवादित फैसलों के बाद उसको भंग कर दिया गया। अखिल भारतीय कुश्ती अखाड़ा संघ से जुड़े पहलवान उमेश यादव कहते हैं कि सियासी नजरिए से अगर इसको देखा जाए तो यह निश्चित तौर पर जाटों को साधने की सियासत का एक बड़ा दांव भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार ने लिया है। उनका कहना है कि अब इससे भारतीय जनता पार्टी की सियासत कितनी सधेगी यह तो चुनाव और चुनाव के परिणाम बताएंगे, लेकिन खेल मंत्रालय के इस फैसले को सियासी नजरिए से आप दूर नहीं रख सकते। पहलवान यादव कहते हैं कि लंबे समय से विवादों के बीच में रहा कुश्ती संघ और पहलवानों की एक लॉबी इसको अपनी जीत के तौर पर देख रही है तो बृजभूषण शरण सिंह खेमे को भी को सियासी तौर पर हार का सामना होता हुआ दिख रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहलवान अखाड़ा से ताल्लुक रखने वाले चौधरी देवेंद्र त्यागी कहते हैं कि जिस बात को लेकर पहलवान पहले से विरोध करते आए थे आखिरकार सरकार देर सवेर इस पर डैमेज कंट्रोल करने पर उतर आई। उनका कहना है कि इसमें केंद्र सरकार कुछ भी दलील दे लेकिन सच्चाई यही है कि जाटों की सियासत को साधते हुए ही ऐसे फैसले लिए जाने का अंदेशा हो रहा है।

## एमपी में मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**भोपाल**
मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार दोपहर में हो सकता है। करीब 20 मंत्री दोपहर में शपथ ले सकते हैं। इसमें नए चेहरे के साथ ही कुछ पूर्व मंत्रियों को मौका देने की बात सामने आ रही है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। बता दें सीएम का एक सप्ताह में यह तीसरा दौरा है। सीएम के दिल्ली दौरे के चलते भोपाल में आयोजित होने वाली बैठकों को रद्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सीएम केंद्रीय नेतृत्व के साथ मंत्रिमंडल को लेकर फाइनल चर्चा हो गई है। अब सोमवार को मंत्रिमंडल में तकरीबन 20 मंत्री शपथ ले सकते है। इससे पहले सीएम ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिड़ला को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली मुलाकात थी। बिड़ला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नए पद व दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। वहीं, सीएम ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से उनके निवास पर भेंट की। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक हिमाचली रीति से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत निर्माण संकल्प में मध्यप्रदेश के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने संबंधी विभिन्न विषयों पर केंद्रीय मंत्री ठाकुर से विस्तृत चर्चा की।

## तेलंगाना विश्वविद्यालय ने रैगिंग के आरोप में 80 लड़कियों को किया निलंबित

### जूनियर्स पर डाला था गाने और डांस करने का दबाव

**हैदराबाद**
तेलंगाना में एक विश्वविद्यालय की 80 पीजी महिला छात्रों को छात्रावास से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इन 80 छात्राओं पर कथित तौर पर अपने जूनियरों पर 'गाने और डांस' करने का दबाव डालने का आरोप लगा है। हाल ही में एक परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके बाद वारंगल जिले के काकतीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्राणीशास्त्र विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट के कुछ छात्रों ने 18 दिसंबर को फिर से अपने जूनियरों से संस्थान के महिला छात्रावास में अपना परिचय देने के लिए कहा।

**जूनियर्स ने लगाया आरोप**
जूनियर्स ने ऐसा करने से मना कर दिया और इस मामले पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों से शिकायत की। शिकायत में जुनियर्स ने आरोप लगाया कि उनके वरिष्ठ छात्रों ने उन पर गाने और डांस करने के लिए 'दबाव' डाला था। अधिकारियों ने कहा, जांच की गई और 80 पीजी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '80 पीजी छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

## मैं देशभक्त हूं या देशद्रोही...जनता तय करेगी: प्रताप सिम्हा

**मैसूर**
भाजपा के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा ने रविवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले पर बोलते हुए कहा कि लोग 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान तय करेंगे कि वह देशभक्त है या देशद्रोही है। घटना और जांच के संबंध में कुछ बताए बिना उन्होंने कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए कथित देशद्रोही आरोपों पर फैसला भगवान और अपने प्रशंसकों पर छोड़ देंगे। मालूम हो कि जो प्रदर्शनकारी 13 दिसंबर को लोकसभा कक्ष में घुस गए थे, वे सिम्हा के कार्यालय की सिफारिश पर जारी किए गए पास पर संसद में दाखिल हुए थे। सिम्हा ने कहा, "चाहे प्रताप सिम्हा देशद्रोही हो या देशभक्त, मैसूर की पहाड़ियों पर विराजमान देवी मां चामुंडेश्वरी, ब्रह्मगिरि पर विराजमान देवी मां कावेरी, कर्नाटक भर में मेरे पाठक प्रशंसक जो पिछले बीस वर्षों से मेरी रचनाएं पढ़ रहे हैं। और मैसूरु-कोडगू के लोग जिन्होंने साढ़े नौ साल तक मेरा काम देखा है और देश, धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों पर मेरा आचरण देखा है, वे अप्रैल, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में वोट के जरिए अपना फैसला सुनाएंगे।"

**लोग तय करेंगे मेरा फैसला**
मीडिया से बात करते हुए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "लोग ही हैं, जिन्हें अंततः निर्णय देना है। वे तय करेंगे कि मैं एक देशभक्त हूं या नहीं।

## ड्रोन हमला झेलने वाले इजरायली जहाज पर था 25 सदस्यीय भारतीय चालक दल

**नई दिल्ली**
असब सागर में इजरायली जहाज पर बीते दिन हुए ड्रोन अटैक की जांच भारतीय नौसेना कर रही है। इसके लिए युद्धपोत आईएनएस मोमुर्गाओ भारत आने वाले व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो पहुंचा।

इसी जहाज पर ड्रोन हमला हुआ था, जिसे ईरान की ओर से किया गया माना जा रहा है।

## 'पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं योगी'

### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उप राष्ट्रपति




**गौतम बुद्ध नगर**
मेरे लिये वो एक सुखद दिन था जब मुझसे कहा गया कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आपसे बात करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में नाम हासिल किया है। योगी आदित्यनाथ आज पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं। हम सब जानते हैं कि यूपी में पहले क्या हालात थे। कानून व्यवस्था और विकास की दृष्टि से ये प्रदेश सबकी चिंता का विषय था। मगर आज यूपी देश ही नहीं दुनिया में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर रोल मॉडल बन चुका है। ये बातें रविवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान कही।

**यूपी आज प्रिमियम कैटेगरी के उद्योगों का फेवरेट डेस्टिनेशन**
बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत समारोह में पहुंचे जगदीप धनखड़ ने कहा कि लंबे समय तक वकालत के पेशे में रहने के कारण उनका उद्योग जगत से गहरा नाता रहा है और उन्हें ये बात कहने में खुशी होती है कि यूपी आज प्रिमियम कैटेगरी के उद्योगों के लिए फेवरेट डेस्टिनेशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का गवर्नर रहने के दौरान वह तीन दर्जन स्टेट विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति थे, मगर वहां चांसलर के साथ क्या होता है, सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सबसे अलग है। उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में वो जो कहना चाहते थे उसे मुख्यमंत्री ने उनसे भी बेहतर ढंग से कहा है। मुख्यमंत्री का भाषण किसी राजनीतिक व्यक्ति का नहीं बल्कि एक धर्मवेत्ता, एक स्टेट्समैन, एक शिक्षाविद और दूरदृष्टा व्यक्ति का भाषण था।

उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के भाषणों को केवल भाषण नहीं बल्कि सीएम योगी के वर्तमान कार्यकलापों की झलक बताया। उन्होंने कहा कि एग्जाम्पल हमेशा स्टेटमेंट से बेहतर होता है। मुख्यमंत्री का भाषण वर्तमान में उनके शासनकाल में दिखता है। योगी आदित्यनाथ आज पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं। आप सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि पहले कुछ लोगों को लगता था कि 'कानून उनका क्या कर लेगा' या 'कानून हमारी मुट्ठी में है', मगर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां कानून का शासन है। कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो कानून के प्रति सबकी जवाबदेही है।

उप राष्ट्रपति ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों के स्तर तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री से मांग भी की साथ ही ये विश्वास भी जताया कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा।

**चाणक्य नीति अपनाकर भ्रष्टाचारियों को जड़ से नष्ट कर दिया गया है**
उन्होंने विद्यार्थियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आने वाले समय में भारत तकनीकी का हब बनने जा रहा है। उप राष्ट्रपति ने कॉर्पोरेट सेक्टर से देश के शिक्षण संस्थाओं में निवेश के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन के मामले में उत्तर प्रदेश बड़ा हब बनने की राह पर है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नए संसद भवन आने का निमंत्रण भी दिया। साथ ही उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नेशन फर्स्ट की भावना के साथ अपनी जिंदगी में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि भारत के हालात आज पूरी तरह से बदल चुके हैं। पहले यहां बिना करप्शन को सलाम किये कोई काम नहीं होता था। आज चाणक्य नीति अपनाकर भ्रष्टाचारियों को जड़ से नष्ट कर दिया गया है। आज आपके लिए ऐसा ईको सिस्टम बन चुका है जहां उन्नति के द्वार आपके इंतजार में खुले हुए हैं।

**मुट्ठीभर लोग भारत की छवि को धूमिल करने में लगे हैं**
उप राष्ट्रपति ने अपने भाषण के जरिए यह भी कहा कि मुझे दुःख होता है जब हमारा एक संसद सदस्य हार्वर्ड में जाकर कहता है कि भारत में लोकतंत्र को खतरा है। जबकि भारत दुनिया का अकेला देश है जहां गांव से लेकर संसद तक लोकतंत्र कायम है। आज जब भारत ऊपर जा रहा है तो कुछ मुट्ठीभर लोग इसे धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं। ऐसे समय में देश के युवा साथियों को चुप्पी नहीं साधनी चाहिए।



# क्रिसमस ईश्वरीय उपस्थिति का उत्सव : फादर इसिडोर डिसोजा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्रिसमस एक बहुआयामी पर्व है जो अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग अर्थ रखता है। यह धार्मिक चिंतन, सांस्कृतिक परंपराओं, उत्सव समारोहों और दयालुता के कार्यों का समय है - एक ऐसा मौसम जो समुदायों को प्रेम और सद्भावना की भावना से एक साथ लाता है। ईसाइयों के लिए, क्रिसमस ईसा मसीह के मानव अवतार - ईश्वर के मनुष्य बनने का जश्न मनाने का समय है। जन्म की कहानी, जैसा कि बाइबिल में वर्णित है, बेथलहम में यीशु के चमत्कारी जन्म का वर्णन करती है, जहाँ वह चरवाहों और स्वर्गदूतों से घिरे एक विनम्र वातावरण में मरियम और जोसेफ के घर पैदा हुआ था।

**ईश्वर का मानव बनना :** क्रिसमस उस असाधारण घटना का उत्सव है जहाँ परमात्मा मानव के साथ जुड़ता है। क्रिसमस की ईसाई कथा इस विश्वास के इर्द-गिर्द घूमती है कि ईश्वर येसु मसीह के रूप में मनुष्य बने। अवतार की धार्मिक अवधारणा मानव शरीर में देवत्व के अवतार को दशार्ती है, जो अनंत और सीमित, आकाशीय और स्थलीय के बीच गहरा संबंध दशार्ती है। येसु, इमैनुएल का जन्म, इस विचार की शुरूआत करता है कि परमात्मा ने मानव अस्तित्व के सुख और दुख में भाग लेते हुए, नश्वर लोगों के बीच रहना चुना।

**गरीबों के जीवन को स्पर्श :** क्रिसमस कथा के सबसे मार्मिक पहलुओं में से एक है जन्म के दृश्य की विनम्र सेटिंग - एक अस्तबल, एक चरनी और मामूली साधनों वाला परिवार। यह सेटिंग एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि परमात्मा ने दुनिया में प्रवेश करने का विकल्प भव्यता के साथ नहीं बल्कि सादगी के साथ चुना। क्रिसमस के व्यापक संदेश में इस विकल्प का महत्व खत्म नहीं हुआ है। यह कम भाग्यशाली लोगों के साथ विनम्रता, करुणा और एकजुटता के महत्व पर जोर देता है। इसलिए, क्रिसमस कार्रवाई का आह्वान बन जाता है, जो व्यक्तियों को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने का आग्रह करता है, जो मानवता की सबसे कमजोर स्थिति में पहुंचने के दैवीय कार्य को दशार्ता है।

**अँधेरे में रहने वालों के लिए मुक्तिदाता :** क्रिसमस उत्सव में प्रकाश का प्रतीकवाद अंतर्निहित है। ईसाई परंपरा में, यीशु को अक्सर ह्यह्यसंसार की ज्योतिह्यह्य (यूहन्ना





8:12) कहा जाता है। अंधकार से प्रकाश की ओर प्रतीकात्मक परिवर्तन मसीह की शिक्षाओं की परिवर्तनकारी शक्ति और उनके द्वारा लाई गई आशा का प्रतिनिधित्व करता है। क्रिसमस निराशा, अज्ञानता और पाप के अंधेरे को तोड़कर आध्यात्मिक रोशनी का उत्सव बन जाता है। इसायाह 9:2 की पुस्तक कहती है, ह्लजो लोग अन्धकार में चल रहे थे, उन्होंने बड़ी ज्योति देखी है, जो घोर अन्धियारे के देश में रहते थे, उन पर ज्योति चमकी।ह्व उद्धारकर्ता के रूप में, येसु मुक्ति और मोक्ष का मार्ग प्रदान करते हैं, व्यक्तियों को प्रेम, दया और धार्मिकता से भरे जीवन की ओर मार्गदर्शन करते हैं। भारत में आज क्रिसमस की प्रासंगिकता भारत जैसे विविध और बहुसांस्कृतिक देश में, जहाँ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव एक साथ होते हैं, क्रिसमस की प्रासंगिकता इसकी धार्मिक जड़ों से परे तक फैली हुई है। क्रिसमस की भावना, प्रेम, शांति और सद्भावना के विषयों के साथ, विभिन्न धर्मों के लोगों के साथ गूंजती है। त्योहारी सीजन परिवारों और समुदायों के लिए एक साथ आने, उपहारों का आदान-प्रदान करने और दान के कार्यों में शामिल होने का अवसर बन गया है। ऐसे समाज में जो विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, क्रिसमस उन मूल्यों की याद दिलाता है जो धार्मिक सीमाओं से परे हैं - वे मूल्य जो एकता, उदारता और सभी की भलाई को बढ़ावा देते हैं। समकालीन भारत में, क्रिसमस एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में विकसित हुआ है जिसे विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा अपनाया जाता है। जीवंत सजावट, आनंदमय कैरोल और उपहार देने की भावना त्योहारी सीजन का अभिन्न अंग बन गए हैं। धार्मिक संबद्धताओं से परे, क्रिसमस व्यक्तियों को प्रेम, करुणा और नवीनीकरण की संभावना के सार्वभौमिक विषयों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

**क्रिसमस मेला :** क्रिसमस मेला एक उत्सवपूर्ण कार्यक्रम है जो पारंपरिक मेले के जीवंत माहौल के साथ क्रिसमस की भावना को एक साथ लाता है। क्रिसमस मेला समुदाय को एक साथ लाने, छुट्टियों के मौसम का जश्न मनाने और सभी उम्र के लोगों के साथ क्रिसमस की खुशी और गर्मी साझा करने का एक शानदार तरीका है। यह एक उत्सवपूर्ण और समावेशी स्थान बनाता है जहां व्यक्ति सांस्कृतिक विविधता का आनंद ले सकते हैं, गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं और एकता का अनुभव कर सकते हैं। प्रयागराज के सेंट जोसेफ कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय मेला इस मूल्य-आधारित समारोह. का गवाह बनता है, जिसमें लोग जाति, धर्म और भाषा को अनदेखा कर मेले में शामिल होते हैं।

**रोशनी से भरी सजावट :** क्रिसमस के दौरान रोशनी का उपयोग आध्यात्मिक रोशनी का प्रतीक है, जो दुनिया में प्रवेश करने वाले ईसा मसीह के प्रकाश का प्रतिनिधित्व करता है। रोशनी से सजाने का कार्य अंधेरे को दूर करने वाली इस दिव्य रोशनी के दृश्य अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। रोशनी न केवल कार्यात्मक है बल्कि उत्सव का प्रतीक भी हैं। वे क्रिसमस की आनंदमय प्रकृति का प्रतीक हैं, जो व्यक्तियों को एकता, प्रेम और साझा उत्सव की भावना से एक साथ आने के लिए प्रेरित करते हैं। घरों और सार्वजनिक स्थानों को रोशन करने का कार्य समुदाय और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है। यह खुशी और उत्सव की एक सामूहिक अभिव्यक्ति बन जाती है, जो लोगों को मौसम की गर्मी और चमक में हिस्सा लेने के लिए एक साथ लाती है। खूबसूरती से जगमगाती सजावट को देखने का साझा अनुभव समुदायों के बीच एकता की भावना पैदा करता है। नाजरेथ अस्पताल, सेंट जोसेफ कॉलेज और विभिन्न अन्य ईसाई संस्थानों और घरों पर रोशनी का शानदार दृश्य वास्तव में दिल को छू लेने वाला है।

**कट्टरता से ऊपर उठने का आह्वान :** यह भावना कि क्रिसमस धार्मिक कट्टरता से ऊपर उठने का आह्वान है, एक गहरा और सार्थक परिप्रेक्ष्य है। क्रिसमस अपने मूल में प्रेम, करुणा, शांति और सद्भावना का सार्वभौमिक संदेश देता है। किसी की धार्मिक पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, क्रिसमस का सार व्यक्तियों को इन मूल्यों को अपनाने और धार्मिक कट्टरता से परे जाने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्रिसमस मानवता के लिए एक साथ आने, साझा आदर्शों का जश्न मनाने और अधिक सामंजस्यपूर्ण और दयालु दुनिया की दिशा में काम करने का आह्वान बन जाता है।

## मेजा के लोगों की सेवा ही मेरे लिए ईश्वर सेवा है : योगेश शुक्ल



**मेजा।** मेजा क्षेत्र में व्याप्त सार्वजनिक मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना एवं यहां के लोगों की सेवा करना मेरे लिए ईश्वर की सेवा करने के समान है। उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने रविवार को अपने आवास पर एसोसियेशन बोरिग टेक्नीशियन प्रयागराज के महामंत्री राजेश तिवारी की एक आपचारिक मुलाकात के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि बोरिंग टेक्नीशियन मंत्री राजेश तिवारी द्वारा उठाए गए सार्वजनिक मुद्दे सभी प्राचीन पुरातन मंदिरों का जीणोर्धार मेजा रोड ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट सार्वजनिक शौचालय तथा मेजा रोड अंडर पास के समीप खस्ताहाल सड़क आदि मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि इन सभी मुद्दों को सरकार तक पहुंचाकर कर शीघ्र ही समाधान कराऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि मेजा के लोगों की सेवा ही मेरे लिए ईश्वर सेवा है। श्री शुक्ल ने मंत्री राजेश तिवारी के विभागीय समस्याओं के निस्तारण के लिए सी डी ओ प्रयागराज से फोन पर वार्ता कर समाधान करने को भी कहा है।

# भारत को विकसित बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी : प्रवीण पटेल

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने बहादुरपुर ब्लॉक के बजहां गांव में संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कहा प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश की दिशा और दशा बदल रही है। विकास की हर एक योजनाएं पात्रों तक पहुंच रही है। वंचित पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए गांव-गांव संकल्प यात्राएं निकाली जा रही है। एक ही कैंप में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन आदि से संबंधित समस्यायों का समाधान कराया जा रहा है। भारत को विकसित बनाने में सहयोग और सहभागिता निभाने के लिए विधायक ने उपस्थित लोगों शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बिजली, स्वस्थ्य, आंगनवाड़ी, पंचायत, खाद्य एवं रसद, सहकारिता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, शिक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, पशु चिकित्सा आदि विभागों द्वारा कैंप में स्टाल लगाकर समस्याएं सुनी गई। प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्राम प्रधान सरोज सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज सिंह, ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुज सिंह, समूह सखी सरोजा देवी सहित 13 लोगों को

### बजहां गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न



प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद त्रिपाठी ने किया। खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव आलोक त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी शंभुनाथ यादव, प्रधानाध्यापक रंजना उपाध्याय, थानाध्यक्ष झूंसी उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**मुसहर समाज की महिलाओं ने विधायक को घेरा :** कार्यक्रम समापन पर मुसहर समाज की बिटोला देवी, राजेश, संतरा, मीना देवी, रेनू आदि ने दौलतपुर बस्ती में उनके घर तक जाने का रास्ता नही होने का दुखड़ा सुनाया। दो ने आवास तो चार महिलाओं ने राशन कार्ड दिलाने की गुहार लगाई। विधायक ने उपर्युक्त समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिया।

## न्यूज झरोखा

### माघ मेले में भूमि को लेकर रोए सतुआ बाबा, साधु संतों के मेले में बसने से किया इनकार



**प्रयागराज।** माघ मेले में भूमि आवंटन के दौरान बवाल हो गया। मेला प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सतुआ बाबा धरने पर बैठ गए और फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने मेला प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाया। उनके साथ बड़ी संख्या में साधु संत धरने पर बैठ गए।मेला प्रशासन के अधिकारी सतुआ बाबा समेत अन्य साधु संतों को मनाने का प्रयास करने लगे, लेकिन साधु संत अपनी मांगो पर अड़े रहे। खाक चौक व्यवस्था समिति के सभी मुकाम धारी मेला प्राधिकरण पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर काफी देर तक बैठे रहे।

### चौकी प्रभारी मेजा रोड ने ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों को बांटा कम्बल



**मेजा।** रविवार को मेजा रोड पुलिस चौकी के प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बढ़ती ठंड को देखते हुए ठंडी का सामना कर रहे सोरांव गांव गरीब बस्ती के पचासों गरीबों को कंबल वितरित किया। दरअसल बढ़ती ठंड के चलते तमाम ऐसे लोग हैं, जिनके पास सर्दी को दूर करने के इंतजाम नहीं थे, इसे देखकर मेजा रोड चौकी प्रभारी विकास कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ सोरांव गांव के मुसहर बस्ती में रहने वाले गरीब लोगों को कंबल वितरित किया। चौकी प्रभारी विकास कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों की मदद कर उन्हें खुशी का एहसास हुआ और उन्हें सुकून मिला। कहा कि गरीबों की मदद के लिए सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए।

### जहांगीराबाद खरकौनी में पार्षद की बैठक हुई



**नैनी।** नैनी वार्ड 31 जहांगीराबाद के खरकौनी क्षेत्र में जमुनापार के सभी पार्षद गणो की बैठक किया गया जिसमें क्षेत्र के विकास हेतु प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु सभी पार्षदों ने बैठक करके सामूहिक निर्णय लिया तथा क्षेत्र की जन सुविधा को देखते हुए सभी पार्षदों द्वारा यह कहा गया कि सभी वार्ड के समस्त विभाग नगर निगम पीडीए लोक निर्माण विभाग जल निगम बिजली विभाग के कार्य संबंधित अधिकारी गुणवत्ता और नियम का पालन करते हुए ध्यान में रखकर कार्य को कराये कार्यक्रम का संचालन पार्षद रणविजय सिंह डब्बू एडवोकेट ने किया अध्यक्षता पार्षद मयंक यादव ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नरसिंह बलराज पटेल पार्षद संजय पासी पार्षद अनूप पासी पार्षद डॉ रमेश भारती पार्षद मंचू सिंह पार्षद दीपचंद (मुन्ना) पार्षद चकदोदी पार्षद प्रतिनिधि शाहरुख पार्षद राजा भारतीय आदि लोग उपस्थित रहे।

### श्री राम के अयोध्या आगमन पर घर-घर मनेगी दीपावली

**शंकरगढ़।** अयोध्या में श्रीराम,लक्ष्मण और माता जानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। मुहूर्त के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा का कार्य दो मिनट से भी कम के समय में पूरा किया जाएगा। श्रीरामचंद्र न्यास समिति ने इस मौके पर 22 जनवरी को देशभर में घर-घर दीपोत्सव का आह्वान किया है। देशभर के मंदिरों को सजाने, रोशन करने की अपील की गई है। इसी आह्वान को अमली जामा पहनाने की नीयत से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की आवश्यक बैठक नगर पंचायत शंकरगढ़ के आर्य राम वाटिका गेस्ट हाउस में हुई। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान की इस बैठक में पदाधिकारियों से इस आह्वान को घर-घर पहुंचाने की अपील की गई, साथ ही सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में उत्सव आयोजित करने की बात कही।जिला प्रचारक आलोक जी ने सभी से आह्वान किया है कि टोली बनाकर घर-घर जाएं और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दें और 22 जनवरी को दीपावली मनाने की अपील करें।बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, खंड कार्यकारिणी शंकरगढ़ सहित मंडल प्रमुख, मंडल कार्यवाह, खंड दायित्वधारी, कार्यकर्ता बंधु, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा और अन्य विचार परिवार के कार्यकर्ता शामिल हुए और 22 जनवरी को पूरे देश में दीपावली जैसा आयोजन किए जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारतीय, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्र निधान पांडेय, खंड संघ चालक सूर्यकांत जी, जिला संपर्क प्रमुख मुकेश जी, खंड कार्यवाह दिवाकर जी, जिला सेवा प्रमुख अतुल जी, जिला सह बौद्धिक प्रमुख आलोक जी, अखिलेश, खंड चालक राजेश केसरवानी, शैलेंद्र, वेद प्रकाश केसरवानी, प्रचार प्रमुख आलोक गुप्ता, निखिल केसरवानी, रजत गुप्ता, अजय गुप्ता, शिवराम सिंह परिहार, संतोष त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, रोहित केसरवानी, सुजीत केसरवानी, मुकेश पाठक, उमा वर्मा, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया मौजूद रहीं।

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन ने प्रा. वि. पौसिया दुबे को गिफ्ट में दिया स्मार्ट टीवी

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खंड मेजा के प्राथमिक विद्यालय पौसिया दुबे में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर सुशील मिश्रा ने स्मार्ट टीवी दिया। उन्होंने अध्यनरत छात्रों से कहा कि इस स्मार्ट टीवी के माध्यम से आप नई-नई चीज तकनीक के माध्यम से सीख सकते हैं ,जिसमे शिक्षाप्रद नाटक कहानियां और दैनिक समाचार भी सुन सकते है। श्री मिश्र ने लोगों से भी अपील किया की विद्यालय की सुरक्षा व विद्यालय की आवश्यकतानुसार विद्यालय को सहयोग करना चाहिए आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय में अपने ही गांव के बच्चे को किसी भी प्रकार की पढ़ाई में दिक्कत ना हो सके इसका हम सभी को ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर बैंक आफ बडौदा शाखा कठौली के प्रबंधक सुधीर उपाध्याय ने विद्यालय को तीन सीलिंग पंखा दिया जिससे स्कूल में छात्रों को गर्मी में राहत मिले और अच्छी शिक्षा ले सके। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है की आप सब लोग परिषदीय स्कूल में अपना सहयोग दिया और समय दिया । परिषदीय स्कूलों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसका लगातार प्रयत्न किया जा रहा है, जरूरत लोगों की जागरूकता की है , बच्चो को नियमित स्कूल भेजे। मंत्री हसीब सिद्दीकी ने सभी का वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्षता शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया और सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन बी के मिश्र ने किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार मौर्य,संदीप गुप्ता,अमित शुक्ला शिव उपाध्याय, मांडवी दुबे,रीना देवी,अंशु चौधरी आदि लोग रहे।

### आईवीएस सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मनाया क्रिसमस

**हनुमानगंज।** आईवीएस सेंट्रल अकादमी स्कूल कतवारूपुर, हनुमानगंज में मैरी क्रिसमस के उपलक्ष्य में बच्चों ने जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देते हुए मनमोहक एकांकी प्रस्तुत किए। सांता क्लॉस ने खिड़कियों से कक्षाओं बैठे बच्चों को उपहार बांटे। विद्यालय प्रबंधक दीपक कुमार सिंह ने बच्चों से सेंट निकोलस को लोकप्रिय संत बताया। विनोद कुमार सिंह व आस्था सिंह के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनमोल मिश्रा, अभिनव मिश्रा, सुरभी कुशवाहा, अदिति सिंह, मानवी मिश्रा, धुत मौर्या, अव्यान सिंह, अनिलेश यादव, रुद्र प्रताप सिंह, प्रिंसी, अंशिका, काव्या, दिव्यांश, ऋतिक, पूर्वी आदि छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

### बामसेफ राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत हुई

**जारी।** बामसेफ द्वारा किसान महाविद्यालय, पटेल नगर खेरहट रीवा रोड़ में दिन रविवार को राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत हुई, कार्यक्रम की शुरूआत में ध्वजारोहण किया गया और एमवीएफ कार्यकताओं द्वारा परेड आयोजित की गई, ध्वजारोहण के दौरान नितिन गनोरकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बामसेफ ने कार्यकताओं को संविधान के प्रति ईमानदार रहने और इसको पूर्ण रूप से लागू करने की अपील की, अधिवेशन के विशिष्ट अतिथि डॉ राज रुप फुलिया सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं पूर्व अतिरिक्त सचिव हरियाणा ने कहा कि हमें संविधान का संदेश और इसके लाभ को अंतिम व्यक्ति तक ले जाना होगा। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता राकेश टिकैत ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में है और तानाशाही का बोलबाला है, और इससे भी भयानक बात यह है कि लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही बढ़ रही है। इसलिए हम देश में सभी आंदोलनों का तथा आंदोलनकारियों का समर्थन करते है और जय संविधान का नारा लगाते हैं। बामसेफ के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ संजय इंगोले ने बामसेफ की भूमिका, बामसेफ का निर्माण और बामसेफ का महत्व और बामसेफ द्वारा चलाए गए सामाजिक आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बामसेफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमाशंकर राम ने अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा एवं रिटायर्ड आईएएस अधिकारी आर आर फुलिया का परिचय रखा, उन्होंने बताया कि आर आर फुलिया का नाम विभिन्न रैप पर एक लाख से अधिक गाणे गाने के कारण इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। वे हमेशा सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं। बामसेफ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर आर एल ध्रुव ने किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत व उनके पुत्र राकेश टिकैत की जीवनी पर प्रकाश डाला, उन्होंने यह भी कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत हमेशा किसानों और मजदूरों की आवाज उठाते रहे है और आज उनके बेटे राकेश टिकैत भी कमजोर, वंचितों, गरीबों तथा किसानों की आवाज बने हुए हैं। राकेश टिकैत ने आज संविधान के सम्मान में चल रहे राष्ट्रव्यापी महाजन जागरण अभियान को समर्थन देने का तथा साथ चलने का आह्वान किया है, इसका हम स्वागत करते है। बामसेफ द्वारा भारतीय संविधान सम्मान सुरक्षा संवर्धन राष्ट्रव्यापी महाजन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। बामसेफ के पचास वर्षों को स्वानुभूति पर भी चर्चा की गई। इन विषयों पर आशिष जीवने, डॉ पी कोमला, डॉ रजनीश प्रजापति,हरे राम कुशवाहा, दिनेश टम्टा, डॉ सत्याजीत राव ने भी अपनी बातचीत रखी।

### महरौंडा ग्राम सभा में विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के ग्राम सभा महरौंडा में विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें तमाम योजनाओं के बारे में बताया गया। रविवार को मऊआइमा के महरौंडा ग्राम सभा में विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा में संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया।तथा उपस्थित अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी विकास भारत संकल्प यात्रा के बारे में बताए और ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुनकर निदान हेतु आश्वासन दिए।इस अवसर पर एडीओ राजेश सिंह, विजय सिंह, ग्राम प्रधान हुस्ना फात्मा, प्रधान पति मोहम्मद दानिश, ग्राम पंचायत अधिकारी नीलम पटेल,तथा पंचायत सहायक आदि के अलावा हुजैफा अब्बासी,अबू सलेमान उर्फ अरकान आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### झगड़े में आठ के खिलाफ की गयी विधिक कार्यवाही

**मऊआइमा।** पैसों के लेन-देन को लेकर आपस में लड़ाई झगड़ा करने पर आठ के खिलाफ विधिक कार्यवाही मऊआइमा पुलिस ने की है। जिसमें चैतूलाल,राम आसरे, विनय कुमार, अजय कुमार, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार,प्रींस कुमार प्रेम नाथ के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी है।

### गो तस्करों पर अंकुश लगाने हेतु थानेदार ने की मीटिंग

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने रविवार को लीलापुर कलां गांव में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। बैठक में पुलिस ने पशु तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग मांगा। पुलिस को उक्त गांव में क?ई दिनों से पशुओं को रात के समय बंधक बनाकर गाड़ी से अन्यत्र कहीं ले जाने की सूचना मिल रही थी। पुलिस को संदेह है कि यह कृत्य गो तस्करों का हो सकता है। प्रभारी निरीक्षक ने इस दौरान क्षेत्र में विवादित मसलें, अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

### व्यापार मंडल महामंत्री विवेक जायसवाल के पिता का निधन

**जंघई।** जायसवाल क्लब उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एवं व्यापार मंडल जंघई बाजार के महामंत्री विवेक जायसवाल के पिताजी जंघई निवासी विजय कुमार मिट्ठू जायसवाल का इलाज के दौरान शुक्रवार को दिल्ली में निधन हो गया।उनके निधन पर व्यापारियों में शोक का माहौल है सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राजमण सिंह, छेदीलाल जायसवाल, पप्पू जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, राजेश जायसवाल, शंभू नाथ जायसवाल, अशोक जायसवाल, बबलू इलाहाबादी, महेंद्र जायसवाल मून्नू, बबलू जायसवाल, इंद्रजीत ऊमरवैश्य, प्यारेलाल, छोटेलाल सोनी, कल्लू जायसवाल, रमेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजू जायसवाल, काजू जायसवाल, नेमचंद्र मौर्य, रामचंद्र जायसवाल, पिंटू जायसवाल, रवि जायसवाल, जिम्मी जायसवाल, विक्की जायसवाल, धीरज जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, ऋषि, गौरव, रिक्की, मिथिलेश, अवधेश, पवन, गोलू, नीरज, विरंदू आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# विवादित जमीन व मकान पर पुलिस प्रशासन ने कराया जबरन कब्जा

**एसडीएम व तहसीलदार का आदेश बेअसर, नहीं हो सकी पैमाइश**

**भुक्तभोगी ने जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार**

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के विवादित भूखंड व बेसकीमती जमीन पर रविवार को तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने मिलकर जबरन कब्जा करा दिया। जमीन की क्रेता सीमा देवी पत्नी देवेंद्र सिंह निवासी डील थाना खीरी ने विपक्षी अजय जायसवाल व विजय जायसवाल पर प्रशासन की मिली भगत से जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। क्रेता सीमा देवी के मुताबिक मेरे द्वारा बनामें से जमीन क्रय की गई है। दूसरे विक्रेता व क्रेतागण जबरन मेरी जमीन पर गुंडई व सरहंगई के बल पर कब्जा कर लिए हैं। जिस जमीन को कब्जा किया गया है उस भूखंड के मकान में सीमा देवी का ताला लगा हुआ था। जिसकी चाबी थाना कोरांव के सुपुर्दगी में रखी गई थी। रविवार को पुलिस बल व तहसील प्रशासन की मौजूदगी में विपक्षीगण अजय जायसवाल व विजय जायसवाल की मौजूदगी में कब्जा दखल कर दिया गया। जिसके बाद सीमा देवी ने जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। ज्ञातव्य हो कि सीमा देवी ने सुल्तान सिंह आदि से जमीन का बैनामा लिया है तो विपक्षीगण अजय जायसवाल व विजय जायसवाल ने सोना देवी पत्नी इंद्रजीत सिंह, बद्री सिंह जगन्नाथ सिंह आदि से बैनामा कराया है। विवादित भूखंड की पैमाइश के लिए एसडीएम व तहसीलदार ने इसके पूर्व में पैमाइस हेतु आदेश पारित कर टीम गठित किया था लेकिन विवादित भूखंड की पैमाइश नहीं हो सकी। रविवार को जबरन तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने विपक्षीगणों को जमीन कब्जा करा दिए जाने का आरोप सीमा देवी ने लगाया गया है। जमीन को कब्जा कराने के दौरान नायब तहसीलदार बड़ोखर विनोद सिंह, नायबअनिल कुमार कानूनगो प्रेमचंद व लेखपाल श्यामनाथ सहित राजस्व के कई कर्मचारी व पुलिस प्रशासन से कस्बा इंचार्ज प्रदीप अस्थाना पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस संदर्भ में तहसीलदार अजय संतोषी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक राजमणि कोल के साथ रहा। मेरे संज्ञान में ऐसा कोई आदेश नहीं था की जमीन को कब्जा कराया जाना है और न ही मुझे ऐसी कोई सूचना है।

# अभ्यर्थियों ने किया स्कूल के बाहर हंगामा

## एकलव्य मॉडल रेजीडेंसी स्कूल (ईएमआरएस) के विभिन्न पदों पर भर्ती परीक्षा, पेपर आउट का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एफर्सीआई रोड पर स्थित सेमस्टार ग्लोबल स्कूल में रविवार को एकलव्य मॉडल रेजीडेंसी स्कूल (ईएमआरएस) के विभिन्न पदों पर भर्ती परीक्षा सुबह नौ बजे शुरू होते ही परीक्षार्थी बिफर पड़े। पेपर आउट होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परीक्षा का बहिष्कार करते हुए छात्र सड़क पर आ गए और छात्रों का आक्रोश को देखते हुए एसडीएम के साथ पुलिस फोर्स पहुंच गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा को रद्द करते हुए फिर से पेपर कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद परीक्षार्थी शांत हुए। परीक्षार्थियों का आरोप है कि उन्हें जो पेपर दिया गया उसकी सील पहले से टूटी थी। पेपर में पहले से निशान लगे हुए थे। वहीं उन्हें जो ओएमआर सीट दी गई उसमें पहले से ही अनुक्रमांक व नाम लिखा था। नाराज परीक्षार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के सामने काफी देर तक हंगामें करते रहें। हंगामें की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परीक्षार्थियों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह जिलाधिकारी को बुलाने पर अड़े रहे। परीक्षार्थियों ने बताया कि सुबह पौने नौ बजे वह केंद्र पर पहुंचे। उनका आर्ट का पेपर होना था। बगल में बैठे परीक्षार्थी का लाइब्रेरियन का पेपर था। हमें तो आर्ट का ही पेपर मिल गया लेकिन बगल में बैठे दूसरे परीक्षार्थी को भी आर्ट का ही पेपर दिया गया था। उसने आपत्ति जताई तो फिर कक्ष निरीक्षक ने बताया कि लाइब्रेरियन का पेपर आयोग से ही नहीं आया है। हंगामा पर सभी परीक्षार्थियों के पेपर वापस ले लिए गए। 10 मिनट बाद फिर सबको अलग अलग पेपर दिया गया जिसमें लाइब्रेरियन का भी पेपर था।

# पीसीएस भर्ती के लिए इंटरव्यू आठ जनवरी से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2023 के इंटरव्यू पांच दिनों में पूरे हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने शनिवार को इंटरव्यू का कार्यक्रम जारी कर दिया। इंटरव्यू आठ जनवरी 2024 से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित किए जाएंगे।आयोग ने 22 दिसंबर को पीसीएस मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित किया और 24 घंटे के भीतर इंटरव्यू का कार्यक्रम भी जारी कर दिया। को पीसीएस के कुल 254 पदों पर भर्ती होनी है। पीसीएस-2023 की मुख्य परीक्षा में सफल घोषित किए गए 451 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू की तैयारी के लिए 17 दिनों का वक्त दिया गया है।पीसीएस के 20 प्रकार के 254 पदों में से छह प्रकार के 104 पद ऐसे हैं, जिन पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है। 150 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाना है। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह के अनुसार इंटरव्यू अनुक्रमांकवार आठ, नौ, 10, 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। इंटरव्यू दो सत्रों में सुबह नौ बजे और अपराह्न एक बजे से होंगे।अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करना है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन अधिमान्यता प्रपत्र एवं समस्त सूचनाओं को भरकर आवेदन पत्र एवं अन्य जरूरी अभिलेखों के साथ इंटरव्यू वाले दिन निर्धारित समय में आयोग परिसर स्थित सरस्वती भवन में पहुंचना है। इस बारे में विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### अब आठ माह के अंदर रिजल्ट देने की तैयारी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस का अंतिम चयन परिणाम नौ माह के भीतर जारी करने का लक्ष्य तय किया था लेकिन इंटरव्यू के कार्यक्रम के जरिये आयोग ने संकेत दिए हैं कि चयन प्रक्रिया आठ माह के भीतर पूरी की जा सकती है। पीसीएस का परिणाम जारी करने के मामले में आयोग एक नया रिकॉर्ड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, क्योंकि इतने कम समय में पीसीएस परीक्षा की चयन प्रक्रिया कभी पूरी नहीं हुई है। आयोग की ओर से प्रारंभिक परीक्षा 14 मई 2023 को आयोजित की गई थी। इस हिसाब से अगर आठ में रिजल्ट जारी कर दिया जाता है तो अंतिम चयन परिणाम 14 जनवरी या इससे पहले आ जाएगा।

# कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के चुनाव के पहले भिड़े समर्थक,मेडिकल चौराहे के पास हुआ विवाद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के चुनाव के ठीक एक दिन पहले आज रविवार अध्यक्ष पद के दो समर्थकों के बीच विवाद हो गया। मेडिकल कॉलेज के पास होर्डिंग उतारने को लेकर शुरू हुआ विवाद जार्ज टाउन तक जा पहुंचा। पुलिस ने 15 नामजद व 150 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि यह दोनों समर्थक अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह व डॉ. सुशील सिन्हा के खेमे के बताए जा रहे हैं। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज के चौराहे पर देर शाम बवाल हुआ था। पुलिस के मुताबिक, कुमार नारायण, संजय श्रीवास्तव उर्फ.राजन, राकेश, यथार्थ श्रीवास्तव,नक़्ल श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज मुकदमा दर्ज हुआ है। चंद्रभान सिंह ने जार्ज टाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### सीसीटीवी की निगरानी में होगा 22 बूथों पर मतदान

केपी पाठशाला ट्रस्ट का चुनाव केपी इंटर कॉलेज परिसर में होगा। मतदान 25 दिसंबर को सुबह सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। अध्यक्ष पद की मतगणना दूसरे दिन ही 26 दिसंबर को और कार्यकारिणी पद की मतगणना 27 दिसंबर को होगी। यह मतदान पांच वर्ष बाद होता है। कायस्थ समाज के लोग इसमें अपने नये अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए दो मजबूत दावेदार हैं जिसमें पूर्व अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह और डॉ. सुशील सिन्हा हैं, दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर है।



# विवाहिता का रेता गला हालत गंभीर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के महेवा मोहल्ले में एक विवाहिता का गला शनिवार दोपहर रेत दिया गया। इससे वह लहुलुहान हो गई। सूचना पाकर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में उसे सीएचसी चाका ले जाया गया। वहां उसका प्राथमिक उपचार कर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के पीछे पति का हाथ होना माना जा रहा है। महेवा निवासी बबलू निषाद की पुत्री खुशी निषाद ने अपने ननिहाल के पास बसवार निवासी सुभाष उर्फ छोटू से चार वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। लगभग एक वर्ष से उनके बीच किसी बात को लेकर अनबन था। इसके चलते खुशी लगभग नौ माह से अपने मायके में ही रह रही थी। परिजनों ने दोनों पक्षों को समझाकर साथ रहने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। पिछले कई दिनों से पति भी यहीं रह रहा था। शनिवार दोपहर खुशी का गला धारदार हथियार से रेत दिया गया। घटना के बाद से पति भी गायब बताया जा रहा है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो वह तत्काल मौके पर पहुंची और खुशी को सीएचसी ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसआरएन रेफर कर दिया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों का प्रयागराज में किया गया भव्य स्वागत



**नैनी।** नैनी की दो खिलाड़ी अंशिका सिंह व चंदा पांडे ने प्रतिभा कर शानदार प्रदर्शन किए 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित 46 वी जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता वाराणसी उत्तर प्रदेश मे जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज नैनी की दो खिलाड़ी अंशिका सिंह व चंदा पांडे ने प्रतिभा कर शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश टीम की ओर से टीम पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, को बेहतरीन मुकाबले में परास्त करते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया अंशिका सिंह और चंदा पांडे दोनों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश टीम को यह गौरव हासिल कराया अपने गृह जनपद प्रयागराज वापस आने पर प्रयागराज नगर निगम महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे व जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उप क्रीडाधिकारी देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी बी एन दीक्षित, योगराज मिश्रा, दिनेश कुमार मिश्रा, गोविंद कुमार निषाद, खिलाड़ी सचिन रावत, अनुपम सिंह, सोनम सिंह, सृष्टि अगरवाल, तेजस्विनी सिंह, नेहा पांडे, अतुल सिंह, निलेश गुप्ता, दीपक सिंह, राजकुमार सिंह, मयंक दीक्षित, वैभव दिक्षित, समेत परिवार के सदस्य ने भव्य स्वागत व ढेर सारी हार्दिक बधाई दी।

# कुर्मी समाज हर कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा ले : शैलेश सिह पटेल

## वक्ताओं ने कहा कि पटेल कुर्मी सरदार वल्लभ भाई पटेल के वंशज हैं





**प्रयागराज।** सरदार पटेल जागरण संगोष्ठी का आयोजन रामलीला मैदान डाही नुमाया प्रयागराज में आयोजित किया गया कार्यक्रम में भारी संख्या में कुर्मी समाज के लोग एकत्रित हुए कार्यक्रम के आयोजन शैलेश सिह पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटेल समाज को एकत्रित करके जगाने का काम हम कर रहे हैं जो हमारा कुर्मी समाज है हर कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा ले उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज अपने नाम के पीछे पटेल लगाए हम सब लोग सरदार वल्लभ भाई पटेल के वंशज हैं और पटेल जाति को उन्नत की ओर ले जाने में हमारा समाज अहम भूमिका निभाता है कार्यक्रम में हजारों की संख्या में एकत्रित भीड़ को देखकर लोग गदगद हुए कार्यक्रम मे केसरी देवी पटेल ,संतोष सिंह पटेल, चंद्रबली सिंह पटेल ,आनंद मोहन पटेल ,लल्लन सिंह पटेल, पटेल नेपाल सिंह पटेल, दिनेश सिंह, पटेल उर्फ (बब्लू) नागेंद्र सिंह पटेल,आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुर्मी पटेल समाज को बढ़ावा देने और संगठित होने पर चर्चा की वक्ताओं ने कहा कि हम सब लोगों को संगठित होना है जैसे अन्य जाति के लोग कार्यक्रम आयोजित कर अपने समाज को बढ़ावा दे रहे हैं हमें भी उनको देखते हुए अपने समाज के लोगों को एकत्रित कर कार्यक्रम आयोजित कर एकता बनाए रखने का कार्य करना चाहिए ताकि आने वाले समय में हम सब लोगो को पटेल के नाम से समाज पहचाने और कुर्मी पटेल समाज को राजनीति और समाज में बराबर का हिस्सा अधिकार मिले इस मौके पर प्रमुख रूप से नरेंद्र सिंह पटेल सोनू सिंह नरेंद्र पटेल आस्था सिंह पटेल धर्मराज सिंह पटेल राम सिंह पटेल दिनेश सिंह बबलू राज सिंह पटेल नागेंद्र सिंह पटेल देशराज आदि रहे।

# अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्ष का गृह आगमन पर हुआ स्वागत



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रथम महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पांडेय का अपने गृह जनपद प्रयागराज आगमन पर जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी की अगुआई में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद जनपद आगमन पर गीता पांडेय जी ने कहा कि यह जनपद और प्रदेश द्वारा दी गई बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हम सभी को शिक्षक हित में पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। हम सभी को पूरी निष्ठा के साथ इस प्रकार कार्य करना होगा कि शिक्षकों का सम्मान पूरा समाज करे और सरकारी विद्यालयों पर उनका विश्वास बढ़े। श्रीमती गीता पांडेय का स्वागत करने वालों में जिला मंत्री डॉ प्रशांत कुमार ओझा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, मांडलिक मंत्री अरविंद मिश्र, नीरज श्रीवास्तव, सत्येंद्र द्विवेदी, अब्दुल कुद्दूस, शंकरचंद द्विवेदी, अशोक कुमार द्विवेदी, अलका सेठ, श्रद्धा श्रीवास्तव, गीता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



**प्रयागराज।** चंद्रशेखर आजाद पार्क राजकीय उद्यान प्रयागराज में दो दिवसीय कोलियस एवं गुलदाउदी पुष्प प्रदर्शनी का उदघाटन श्रीमती केशरी देवी पटेल माननीय सांसद फूलपुर द्वारा फीता काटकर किया गया। उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल द्वारा उपस्थित जनमानस को प्रकृति से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया गया। गुलदावदी की कासा ग्रांडा एवं हल्दीघाटी प्रजाति के फूलों को मनमोह क बताते हुए मुख्य अतिथि ने प्रकृति से प्रेम करने की सलाह दी। उपनिदेशक उद्यान प्रयागराज मंडल प्रयागराज डॉ कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा गत वर्षो की तुलना में इस वर्ष व्यक्तिगत प्रतिभागियों द्वारा अधिक संख्या में प्रतिभाग किए जाने का मुख्य कारण फूलों के प्रति लोगों की बढ़ रही रुचि को इसका प्रतीक माना । प्रदर्शनी में रखे हुए फूलों की जजिंग का कार्य डॉ विश्वनाथ, विभागाध्यक्ष उद्यान विज्ञान विभाग कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय प्रयागराज, डॉ मनोज कुमार सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कौशांबी, वी0के0 सिंह औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज एवं श्रीमती उषा रानी गुप्ता पर्यावरण विशेषज्ञ द्वारा किया गया। प्रदर्शनी को कुल 27 वर्गों में विभक्त किया गया । सभी वर्गों को मिलाकर कुल 106 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। सभी वर्गों को मिलाकर प्रदर्शनी का सर्वश्रेष्ठ पुष्प कासा ग्रांडा प्रजाति बैंड स्टैंड इकाई राजकीय उद्यान को चयनित गया तथा गुलदावरी का राजा स्नोवाल प्रजाति तथा रानी हल्दीघाटी प्रजाति का पुरस्कार भी बैंडस्टैंड इकाईको चुना गया । इसके अलावा राजकीय वर्गों में प्रथम पुरस्कार बैंडस्टैंड इकाई राजकीय उद्यान का रहा तथा व्यक्तिगत वर्ग में वंदना वोहरा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण उद्यान अधीक्षक उमेश चन्द्र उत्तम द्वारा किया गया।

## न्यूज झरोखा

### अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के पदाधिकारी का हुआ गठन

**हनुमानगंज।** अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान की ओर से रविवार को बीकापुर स्थित सृष्टि गार्डन में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सेवा संस्थान के पदाधिकारी का भी गठन किया गया। अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के प्रमुख महासचिव विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि संरक्षक संजय सिंह, हरिनारायण सिंह, शिवराज सिंह, गुलाब सिंह, पूर्व विधायक प्रशांत सिंह व अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह रिंकू की मौजूदगी में कृष्ण बहादुर सिंह को संस्थान का गंगापार जिला अध्यक्ष, शिक्षण प्रकोष्ट के मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गंगापार ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा गंगापार अध्यक्ष गौरव सिंह, सचिव शशिकेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बहादुरपुर लाल प्रभाकर सिंह, फूलपुर राजकुमार सिंह, सैदाबाद ज्ञानेंद्र सिंह जानू, जिला महासचिव गंगापार मानेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह अंकुर राणा, अमित सिंह, विजय सिंह, इन्देश सिंह सहित सभी पदाधिकारी को उनके दायित्व की जानकारी दी गई। इसके बाद उपस्थित सभी ने सुखदेव सिंह गोगामेडी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया उन्हें नमन किया।

### प्राचीन सिद्धपीठ माँ मांडवी देवी का भव्य मेला आज

**मांडा।** विगत वर्ष के भाँति इस वर्ष भी मांडा की कुल देवी प्राचीन सिद्धपीठ माँ मांडवी देवी का वार्षिक मेला 25 दिसंबर सोमवार को आयोजन किया गया है। जिसमे दूर दराज से आए आकर्षित झूले एवं दुकानदार मेले में बढ़ चढ़ भाग लेंगे। राज महल के प्रबंधक सुशील सिंह ने बताया कि भव्य मेले में आये दर्शनार्थी कुल देवी माँ मांडवी देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मन्नत मांगेंगे। और अपना मन्नत पूरा करेंगे।

### किसान दिवस पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने गायों को पहनाए काऊ कोट

**सोरांव।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत असवा उर्फ हाजीगंज मोहम्मद शाकिब संग ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी ने कान्हा गो आश्रय स्थल हाजीगंज में मौजूद सभी गायों को ठंड को देखते हुए काऊ कोट पहनाए। उपस्थित गायों को गुड़, चोकर और हरा चारा खिलाकर गायों का आशीर्वाद लिए। तथा गायों को ठंड से बचाव के लिए गौपालकों को सही से चारा पानी संग देखरेख करने का आदेश दिए। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब ने कहा कि किसानों के श्रम और बलिदान को पहचानने के लिए हर साल राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। इस दिन का उपयोग किसानों को उनकी उपज बढ़ाने के लिए नवीनतम कृषि ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी किया जाता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, ठिकेदार विकास सिंह, ठिकेदार सुशील मौर्य संग गौपालक और सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### माँ गंगा की स्वच्छता हेतु समर्पित गंगा भक्तों का हुआ सम्मान

**नैनी।** नैनी अरैल में माँ गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलीकरण हेतु कृतसंकल्पित धार्मिक व सामाजिक संस्था सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में छठवां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह कियारा गेस्ट हाउस परिसर,डीपीएस स्कूल के पास आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथियों में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवीगणों में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक नागेन्द्र सिंह,जोनल अधिकारी -5 नैनी, आशीष कुमार मिश्रा आईजी कार्यालय, प्रख्यात कथावाचक अभिषेक किंकर महाराज सहित शहर के विशिष्ट जन व गंगा सेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पैथोलॉजी पांइट के डां विनय तिवारी की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी निशुल्क आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में युवा भारत के नवयुवकों सहित, महिलाओं व पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं एवं भारत के भविष्य व सनातन संस्कृति के संवाहक बच्चों की संख्या भी बहुतायत में थीं संस्था ने बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर प्रोत्साहित व सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं संयोजन व संचालन संस्था प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्था के सलाहकार अवधेश निषाद ने किया।

### आधुनिक भारत के निमार्ता ईवी रामास्वामी पेरियार की स्मृति में किया विचार गोष्ठी

**तार्किक और वैज्ञानिक समाज निर्माण में पेरियार के विचारो की बड़ी भूमिका है : डॉ विक्रम**

**प्रयागराज।** आधुनिक भारत के निमार्ता ईवी रामस्वामी की स्मृति दिवस 24 दिसंबर के 50वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर इलाहाबाद में डॉ अंबेडकर छात्रावास,सलोरी में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्यवक्ता प्रोफेसर रतनलाल दिल्ली विश्वविद्यालय से आए हुए थे। प्रोफेसर रतनलाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ये वक्त मंदिर और मूर्तियों की राजनीति को खारिज करते हुए पेरियार के सपनो का भारत बनाने की जरूरत हैं तभी उत्तर भारत पर लगा गोबरपट्टी का टैग हटेगा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम ने कहा कि पितृ सत्ता और जाति व्यवस्था ने ही इस देश को गर्त में डाल रखा हैं, लोकतांत्रिक रिश्तों के निर्माण से लेकर ब्राह्मणवाद को खतम करने के मुक्कमल पैरोकार हैं। कार्यक्रम में मौजूद रिटायर्ड आईएएस केसी सरोज ने अपनी बात रखते हुए कहा कि सबको शिक्षा हासिल कर प्रगतिशील मूल्यों को बचाना होगा। भगतसिंह, अम्बेडकर, पेरियार स्टडी सर्किल संस्थापक- डॉ कमल उसरी ने पेरियार को याद करते हुए कहा कि आज एक तरफ नौजवानों को बेरोजगार बनाया जा रहा हैं और उन्हें धर्म का चोला पहनाकर पूरे देश को बर्बाद किया जा रहा हैं। ऐसे में पेरियार के ही विचार युवाओं को इन समस्याओं से बाहर निकाल सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ट एडवोकेट माता प्रसाद ने कहा कि आरएसएस के बर्चस्व की संस्कृति के खिलाफ जनवादी संस्कृति का निर्माण करना होगा जिसमें हमारे समाज के नायक नायिका फुले अंबेडकर पेरियार होंगे। कार्यक्रम का संयोजन आइसा प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद-कौशाम्बी

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नं0 24 शहीद गुलाब सेन नगर (मेहता रोड) गुलाब बिहार कालोनी, जिसमें वर्तमान समय में प्रक्रियाधीन गृहकर/सर्वे के माध्यम से तैयार किये जाने वाले सम्बन्धित वार्ड/मोहल्ले यो गृहकर पंजिका (वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24) में विकेता श्री सुरेश चन्द्र अग्रहरि पुत्र श्री माता बदल निवासी नया बाजार भरवारी चायल कौशाम्बी हाल मुकीम 319सी/202 झूले लाल नगर लूकरगंज परगना व तहसील सदर जिला प्रयागराज के स्थान पर विकय पंजीकृत बैनामा स्टाम्प संख्या क्छ- वढ531774649375510 व आवेदन संख्या 202200887005004 बही संख्या 1 रजिस्ट्रेशन संख्या 4096 दिनांक 27.07.2022 के आधार पर केती श्रीमती सोनू शर्मा पत्नी सलिलकान्त त्रिपाठी (निवासिनीः ग्राम पूरे बिंदा शुक्ल मजरा दिगीसी तहसील लालगंज जनपद प्रतापगढ़) का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है। सम्बन्धित पक्षकारो को गृहकर पंजिका में नामान्तरण कार्यवाही किये जाने विषयक नोटिस निर्गत कर सूचित कर दिया गया है, तथा सम्बन्धित भवन/भूखण्ड पर भी प्रकाशित करा दिया गया है। उपरोक्त प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो. ऐसे व्यक्ति विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी में उपस्थित होकर लिखित अभिलेखीय साक्ष्यो के साथ आपत्ति दाखिल कर सकते है, अन्यथा सम्बन्धित प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवन/भूखण्ड से सम्बन्धित नामातंरण की कार्यवाही पूर्ण की दी जायेगी। उपरोक्त प्रकरण में नामान्तरण / संशोधन की प्रकिया वार्ड वार गृहकर/भवनकर के रजिस्टर में नया मकान नम्बर गृहकर हेतु चल रहे वर्तमान सर्वे की प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात ही नियमानुसार निर्धारित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद भरवारी कौशांबी।**

पत्रांकः 25 न0 पा0परिषद भ0/2023 दिनांक 23.12.2023

## प्रमोद व मोना ने मेधावियों को किया सम्मानित, शैक्षिक गुणवत्ता पर दिया जोर

### विधालय में शिक्षण कक्ष के लिए मोना ने सौंपी तीन लाख की सौगात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला स्थित सरदार पटेल इंटर कालेज के पचासवें वार्षिकोत्सव में मेधावियों का सारस्वत सम्मान कर हौसाल आफजाई की गयी।

शनिवार की देर शाम तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर विद्यालय परिसर में राज्यसभा में विपक्ष उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना बतौर अतिथि शामिल हुए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने पूर्व प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी लालगीतेश्वर प्रताप सिंह के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षाविद भारतीय मेधा को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करते हुए इन्हे राष्ट्र का सशक्त नागरिक बनांए। उन्होने छात्र-छात्राओं से कहा कि लगन और मेहनत तथा समर्पण भाव से शिक्षा ग्रहण करते हुए वह अपना हर देखा सपना पूरा कर सकते हैं।



मेधावियों को सम्मानित करते सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि शिक्षा ही विकास तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्य का बोध कराती है। उन्होने कहा कि रापुर खास को शिक्षा के हब के रूप में आगे बढ़ाते हुए यहां के चतुर्दिक विकास तथा भावी पीढ़ी को हर कदम पर सफलता के लिए जरूरी संसाधन वह मुहैया कराती रहेंगीं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपनी विधायक निधि से विद्यालय को शिक्षण कक्ष समेत छात्र-छात्राओं के लिए जरूरी सुविधा के मद में तीन लाख रूपए प्रदान किए जाने की घोषणा की। वहीं समारोह में मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने विभिन्न क्षेत्रों में सफल मेधावियों को मेडल तथा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या रखी। वहीं संचालन राजहंस शुक्ल व मार्तण्ड प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर लालगंज प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, विष्णु प्रताप सिंह, ददन सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, आचार्य अनीश देहाती, अवधेश पटेल, पप्पू तिवारी, शिव पूजन मौर्या, दिलीप विश्वकर्मा, अजय शुक्ल गुड्डू, नीरज मौर्य, विक्रम प्रताप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, भानू पटेल आदि रहे।

## लखनऊ से आई टीम ने नगर के विकास कार्यों का लिया जायजा

### अधिकारियों का नगर पालिकाध्यक्ष व कर्मचारियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सिटी ब्यूटी कंपटीशन (सीबीसी) मे नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ क्षेत्र अंतर्गत चयनित वार्ड मीरा भवन में आरसीयूईएस, लखनऊ द्वारा गठित टीम राजीव नारायण संयुक्त निदेशक, आरसीयूईएस व प्रदीप मिश्रा परियोजना सहायक द्वारा मीरा भवन वार्ड में स्थित पार्क, प्लेग्राउंड, ओपन जिम, वाटर बॉडी, साफ सफाई, प्रमुख चैराहा के ब्यूटीफिकेशन का निरीक्षण किया गया।लखनऊ से आए अधिकारियों का नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व नगर पालिका के अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया।



अधिकारियों को बुके देकर सम्मानित करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

बताया जाता है कि लखनऊ से आई ये टीम नगर में हुए विकास कार्यों व सौन्दर्यीकरण का जायजा लेकर शासन को रिपोर्ट भेजेगी। इसी उद्देश्य से इस टीम से बारीकी से निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण में अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, लाल बहादुर, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक शुभम मिश्रा, अजीत सरोज, शशांक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइड की जनपदीय रैली में जनता इंटर कालेज को मिला प्रथम स्थान

### मुख्य अतिथि ने प्रदान की विजेता ट्राफी

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह।** राजकीय इंटर कालेज में संपन्न स्काउट गाइड की दो दिवसीय जनपदीय रैली में अमर जनता इन्टर कॉलेज की स्काउट टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड प्रतापगढ़ सरदार सिंह के द्वारा अमर जनता इन्टर कॉलेज, पूरे वैष्णव, कटरा गुलाब सिंह के स्काउट को विजेता ट्रॉफी प्रदान किया। कालेज की गाइड छात्राओं को जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जनपद में अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रबंधक भैरव प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रधानाचार्य डा0 स्निग्धा पांडेय सहित क्षेत्र वासियों ने अमर जनता इन्टर कॉलेज की स्काउट एवं गाइड की टीम को तथा उनको प्रशिक्षित करने वाले शिक्षक राम शिरोमणि, शिवाकांत, दिनेश कुमार, शिशिर कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार सिंह चमन कुमार को बधाई दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्काउट गाइड के प्रशिक्षण से छात्र छात्राओं में नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है तथा समूह में कार्य करने के कारण सहकारिता की सीख मिलती है। विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे मार्च पास्ट, गांठ बांधना,टेंट लगाना, झांकी, हस्तकला, प्राथमिक चिकित्सा, पुल निर्माण, बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि में अमर जनता के स्काउट गाइड का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय रहा।



ट्राफी के साथ जतना इंटर कालेज की छात्राएं।

## सुगतानन्द बुद्ध विहार में पूज्य भिक्खुनी शाक्या धम्मादिना का हुआ आगमन

### भिख्खूनी धम्मादिन्ना के धम्म देशना में उमड़ी महिला उपासिकाओं की भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है,जिसमें बुद्ध ने साधना के सारे चरण दिए हैं। इसमें ग्यारह लाभ मार्ग हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति अपनी सम्पूर्णता को पाता है और सामुदायिकता को अपने जीवन में समावेशित करता है। मैत्री भावना के सभी चरणों की क्रमिक साधना ही आपको परिपूर्णता की तरफ ले जाती है। उक्त बातें जनपद प्रतापगढ़ के सुगतानन्द बुद्ध विहार पर समन्वय सेवा संस्थान के तत्वावधान में अपने धम्म प्रबोधन मे पूज्य भिक्षुणी शाक्या धम्मदिन्ना अय्या ने कही।

बता दें कि जनपद के उपासक/उपासिकाओ द्वारा जनपद में पूज्य अय्या साक्या धम्मदिन्ना के पावन सानिध्य में चल रहे प्रबोधन पर्व को मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र पुलिस अधीक्षक क्राइम प्रयागराज रहे। इसके पूर्व उनके आगमन पर जनपद प्रतापगढ़ के धम्मानुरागियों द्वारा



कार्यक्रम में बोलतीं पूज्य भिक्खुनी शाक्या धम्मादिना

पारंपरिक श्वेत वस्त्रो में धम्मध्वजों के साथ भव्य स्वागत किया व पावन भिख्खू व भिक्षुणी संघ में पराम्परागत श्वेत वस्त्र में उपासिकाओं की बड़ी सहभागिता दिखाई दी। कार्यक्रम के पूर्व 500 मीटर के धम्म ध्वज के साथ धम्म पद यात्रा कर विश्व शान्ति का संदेश दिया गया। संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा कि इस धम्म समागम ने धम्म के क्षेत्र में कई परिलब्धियों को हासिल किया। वही तथागत के चतुष्यपरिषद के धम्म प्रबोधन से हम सभी धम्म के तरंगों से तरंगित हुए। कार्यक्रम का बुध्दारम्भ पूज्य भन्ते कल्याण मित्र व पावन भिख्खू संघ के सानिध्य मे त्रिशरण , पंचशील व आनापानसति (ध्यान) द्वारा किया गया। दीपशिखा व दिनेश सरोज ने बुद्ध वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि धम्मानुरागी मनीषा गोयल को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र व धम्म पट्टिका से सम्मानित किया गया। राजीव आर्य ने कहा कि प्रतापगढ़ के उपासक/उपासिकाओ की वजह से धम्म पुनः स्थापित हो रहा है। अध्यक्षता बहन लीलावती ने किया। धम्म समागम में सुरेंद्र विमल ने संस्थान द्वारा धम्म के क्षेत्र में किए गए कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर श्रद्धावान उपासको/उपासिकाओं द्वारा दान पारमिता, सम्यक का केशकम्पन संस्कार में सहभागिता किया। कार्यक्रम में अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, रामप्यारी, राजीव अनीता, अर्चना आनन्द, सुशील दद्दू, वेद प्रकाश, सी0पी0 राव, राजीव कुमार, कार्यक्रम के अन्त में आभार डॉ0 दया राम मौर्य व संजय दीपशीखा द्वारा संयुक्त रूप से किया किया गया।

## पूर्व मंत्री मोती सिंह के बड़े भाई का हुआ निधन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के बड़े भाई प्रताप बहादुर सिंह उर्फ बडेलाल का (96) वर्ष की उम्र में निधन हो गया, उनका इलाज लखनऊ स्थित पीजीआई में कई दिनों से चल रहा था। पट्टी तहसील क्षेत्र के सर्वजीतपुर गांव के रहने वाले प्रताप बहादुर सिंह उर्फ बडेलाल समाज सेवी प्रवृत्ति के थे। वह पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के बड़े भाई थे वह बीते कई दिनों से बीमार चल रहे थे। लखनऊ स्थित पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था रविवार की दोपहर उनका निधन हो गया उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र के कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

## पड़ोसी आरोपियों ने पिता पुत्र को पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नाली साफ करने के विवाद को लेकर पड़ोसी आरोपियों ने पिता पुत्र को पीटकर जख्मी कर दिया, पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के होशियारपुर गांव के रहने वाले जीतलाल ने बताया कि नाली साफ करने के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी चार लोग एकजुट होकर लाठी डंडों से हमला बोल दिये। बीच बचाव करने आए उसके बेटे ललित कुमार को भी आरोपियों ने पीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित जीतलाल ने इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सुलह न करने पर पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मुकदमे में सुलह नही करने पर बाजार जाते समय पिता-पुत्र को रोककर आरोपियों ने लाठी-डंडे से पीट दिया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के असुढी गांव निवासी गया प्रसाद सिंह का आरोप है कि उनका पड़ोसियों से पुरानी रंजिश है। जिसका मुकदमा पट्टी कोतवाली में दर्ज है। शुक्रवार को सुबह वह अपने बेटे राजन के साथ घर से बाजार जा रहा था। इसी बीच आधा दर्जन लोग रास्ते में लाठी डंडा लेकर पहले से घात लगाए बैठे थे। आरोपितो ने रास्ते में पिता पुत्र को रोक कर मां बहन की गालियां देते हुए तथा मुकदमे में सुलह नहीं करने पर लात घुसो व लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पिता पुत्र की किसी तरह जान बचाई। मामले में पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में आरोपितों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तमंचे की नोक पर छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाजार से घर जा रहे युवक के साथ आधा दर्जन आरोपियों पर छिनैती व मारपीट के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के खजुरी निवासी राघवेन्द्र तिवारी के पुत्र श्रीपत तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेइस दिसम्बर को वह शाम साढ़े पांच बजे अपने भाई की दुकान से कुछ रूपए लेकर घर जा रहा था। इस बीच रायबरेली रोड पर एक स्कूल के पास वह पहुंचा तभी तीन बाइक पर सवार छह आरोपी आए और उसपर तमंचा सटा दिया। आरोपियों ने पीड़ित की जेब से एक हजार रूपए छीन लिए तथा शोर मचाने पर उसका मोबाइल फोन पटक कर नष्ट कर दिया। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि आपसी मारपीट का मामला है दोनों पक्षों को बुलाकर घटना की जांच की जा रही है।

## पट्टी नगर पंचायत में कराई गई अलाव की व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए पट्टी नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा की गई है , जिससे लोगों को सहूलियत मिल रही है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह की शुरूआत से ही ठंड ने रफ्तार पकड़ लिया है। वहीं राहगीरों सहित नगर वासियों को इससे निजात दिलाने के लिए पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने पट्टी नगर के चमन चैक, रायपुर रोड, चैक, ढकवा मोड, मेन रोड, पट्टी सहित दर्जन भर स्थान पर लकड़ी गिराकर अलाव की व्यवस्था किया है। इस संबंध में उनसे बात करने पर उन्होंने बताया कि पट्टी नगर में किसी को कोई असुविधा ना हो, ठंड के कारण लोगों को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए यह अलाव की व्यवस्था की गई है आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी। पट्टी नगर पंचायत की किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होगी यह हमारा वादा है उनके इस कार्य की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### ससुराल से लौट रहा था घर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की रात ससुराल से घर लौटते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा, बेलहा निवासी फोटू पटेल (35) शनिवार की सुबह बाइक से रायबरेली के कोतवाली क्षेत्र सलोंन, करहिया स्थित ससुराल के लिए निकला था। ससुराल से रात करीब आठ बजे वह घर आ रहा था, जैसे ही कुछ किलो मीटर की दूरी तय कर टोल प्लाजा के पास पहुंचा ही था कि अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल फोटू को लोगो ने एनएच की एंबुलेंस से सीएचसी सलोन पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में फोटू की सांसे थम गई। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। फोटू के जाने के बाद उसके दो बेटों के सिर से पिता का साया भी उठ गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

## चोरी की चार मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 अमित सिंह व उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के महासिनपुर गंगा एक्सप्रेसवे पुलिया के पास से एक अभियुक्त रमेश याादव पुत्र मथुरा यादव नि0ग्राम सहजनी चण्डलिया थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की एक अदद हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल फर्जी नम्बर प्लेट अंकित के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की तीन और मोटर साइकिलों को थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के अर्रो नहर पुलिया के पास खंडर से बरामद किया गया। उक्त चोरी की मोटर साइकिल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 276/23 धारा 411, 413, 414, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके खिलाफ डीह रायबरेली, ऊंचाहार व सलवन थाना मे विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज है।

## जूनियर बालिका टीम ने क्रिकेट, बालक ने जीती कबड्डी

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के तत्वधान में दो दिवसीय स्पोर्ट मीट का आगाज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वधान में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट मीट का शुभारंभ रविवार को जोगापुर के खेल मैदान में हुआ। दीया ग्रुप आफ इंडस्ट्री के प्रोपराइटर अनुज शुक्ला ने फीता काट कर खेल का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद छात्र और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सदैव मदद होगी। पहले दिन हुए खेल में जूनियर बालिका क्रिकेट मैच में ग्रीन हाउस ने रेड हाउस को छः रन से हराया। पहले बैटिंग करते ग्रीन हाउस की टीम ने हुए 29 रन बनाए। जिसमें तीन चैके की मदद से कप्तान लाजु ने सर्वाधिक 15 रन जोड़े। जवाब में उतरी रेड हाउस की टीम महज 23 रन पर ही बिखर गई। कप्तान प्रिया ने 14 रन बनाए। ग्रीन हाउस की खिलाड़ी राधिका वर्मा ने पांच रन देकर दो विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच घोषित हुई। दूसरा मैच क्रिकेट जूनियर बालक वर्ग का हुआ। जिसमें येलो बॉय की टीम ने 43 रन बनाए। जिसमें सबसे अधिक 29 रन कप्तान अंशदीप विश्वकर्मा ने बनाए। कप्तान आर्यन मौर्य ने तीन विकेट लिए। जवाब में उतरी स्टार इलेवन की टीम केवल 22 रन ही बना पाई। अंशदीप को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सीनियर बालक क्रिकेट मैच ब्लू स्टार और यंग स्टार के बीच खेला गया। जिसमें ब्लू स्टार ने तीन रन से जीत हासिल की। कप्तान शुभम ने तीन छक्के की मदद से 33 रन बनाए। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में स्पोर्ट स्टार की टीम और बालक कबड्डी में ग्रीन स्टार की टीम विजेता रही। खेल संयोजक शनि सरोज ने बताया कि 25 दिसंबर को समापन होगा। इस दिन खो, खो, कुश्ती, कैरम और बैडमिंटन खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण होगा।

## नवाबगंज के कडरौ गांव मे चला योगी का बुल्डोजर, मचा हड़कंप

### खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि को कुछ लोग बता रहे थे अपनी पुस्तैनी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार का अब ग्रामीण क्षेत्रो मे बुल्डोजर चलना शुरू हो गया नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कडरौ मे ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि को गांव के कुछ लोग अपनी पैतृक भूमि बता रहे थे जिसको एसडीएम की मौजूदगी मे राजस्व कर्मियों ने नाप जोख कर सरकारी जमीन चिन्हित कर ग्राम सभा के सुपुर्द किया खाली पड़ी जी एस की जमीन पर ग्राम पंचायत को सौदर्यिकरण करने के लिए आरसीसी सेंटर बनाये जाना है ताकि ग्राम पंचायत के लोगो को उसका लाभ मिल सके बीते शुक्रवार की दोपहर एसडीएम कुंडा राजस्व कर्मी व नवाबगंज पुलिस फोर्स के साथ कडरौ गांव पहुँचे जंहा अर्शो से खाली पड़ी भूमि की ग्राम प्रधान राम प्यारे सरोज की मौजूदगी मे दिये गये।

शिकायत पत्र के आधार पर नाप जोख कराकर जमीन को चिन्हित करते हुए ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया और आरोपित शिकायत कर्ता को सरकारी जमीन मे हस्तक्षेप न करने की सख्त हिदायत दिया।इस दौरान ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा रही।

बता दे कि ग्राम सभा की खाली पड़ी सरकारी जमीन पर ग्राम पंचायत की तरफ से आर सी सी सेंटर बनाया जाना है जिसके लिए ग्राम प्रधान रामप्यारे को शासन की तरफ जल्द बनवाने के लिए निर्देश दिये थे सरकारी जमीन चिन्हित न हो पाने से निर्माण कार्य नही हो पा रहा था जिस पर ग्राम प्रधान रामप्यारे सरोज व ग्रामीणो ने जमीन को चिन्हित कराने के लिए एसडीएम कुंडा को शिकायत पत्र दिया था जिस पर एसडीएम के साथ राजस्व कर्मी व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और खाली पड़ी जमीन को चिन्हित कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया जिस पर शीघ्र ही आरसीसी सेंटर बनाने का निर्माण कार्य शुरू होगा जिसको लेकर ग्रामीणो मे उत्सुकता दिखाई दे रही है।

## प्रा0 वि0 की प्रधानाध्यापिका की हृदयाघात से मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय मनार में कार्यरत प्रधानाध्यापिका श्रीमती पुष्पा पांडे पत्नी राम गोपाल पांडे (57) वर्षीय को शनिवार की दोपहर लगभग 2बजे अचानक उलझन होने लगी जिनको परिजन लोग उपचार के लिये हॉस्पिटल ले जा रहे थे कि रास्ते में लाला का बाजार मे उनकी मौत हो गई अस्पताल पहुंचने पर चिकित्स्कों ने पुष्पा को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया जिनका रविवार को गंगातट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमे ग्राम प्रधान मनार ओ पी उपाध्याय सहित प्राथमिक शिक्षक संघ कालाकांकर के अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी अपने स्टॉफ के साथ ग्रामवासी लोग मौजूद रहे।

## छात्र को आरोपियों ने पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र को आधा दर्जन लोगों ने रास्ते में रोककर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे पीट दिया। पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव के विशाल सरोज पुत्र बृजेश सरोज ने बताया कि वह कक्षा 12 का छात्र है वह शनिवार को स्कूल से घर वापस लौट रहा था सिरनाथपुर गांव के समीप आधा दर्जन लोगों ने उसे रोक लिया और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे जमकर मारा पीटा पीड़ित ने दो नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## 29 को निकलेगी विशाल पूजित अक्षत कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रंजीतपुर चिलबिला बस्ती में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अभियान समिति से जुड़े हुए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख प्रभा शंकर पांडेय ने कहा कि आज हम सब के समक्ष भगवान राम का मंदिर बनकर तैयार है।

यदि हम इसके पीछे के कालखंड को देखें तो निश्चित रूप से हमें ज्ञात होता है कि हिंदू समाज ने सैकड़ो वर्ष लगातार संघर्ष किया। भगवान राम हम सबके आराध्य देव हैं और अपने भवन में विराजमान होने वाले हैं। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए 29 दिसंबर को नगर में एक विशाल पूजित अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी राम भक्त अपेक्षित है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजन, बस्ती प्रमुख सतीश, सुनील, संदीप, बबलू राय, राजेश मणि, जयप्रकाश, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, हरकेश शर्मा, प्रेम कुमार, विवेक कुमार, जगन्नाथ राय, आलोक, सुनील, विनय, संदीप आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नगर के मंदिर प्रमुख राम उजागर मिश्र ने किया।



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण

## गोलियों की तड़ तड़ाहट से गूंजा कोटिया गांव एक घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र का कोटिया गांव गोलियों की तड़ तड़ाहट से गूंज उठा घटना में एक ब्यक्ति गम्भीर घायल है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है गोली चलाने वाला एक माननीय का खासमखास है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुँची है स्थिति तनावपूर्ण है। जानकारी के मुताबिकसराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव में रविवार को कई मुकदमे के वांछित जेल से बाहर आए रामदास पाल व घायल राजू के मध्य जमीन से जेसीबी से मिट्टी निकालने को लेकर लाठी डंडे चले तथा कई राउण्ड फायरिंग की भी सूचना



है घटना में राजू गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इस सूचना पर तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी चायल मय फोर्स मौके पर मौजूद है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध शराब ठिकानों पर पुलिस और आबकारी ने मारा छापा

### एडिशनल एसपी के नेतृत्व में क्षेत्र में पहुंची भारी फोर्स

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा घुमाई के मजरा खरका पर में आज रविवार को अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस और आबकारी टीम के जवानों के साथ एडिशनल एसपी ने छापा मार दिया पुलिस के जवानों ने कई स्थानों पर फावड़े और कुदाल से जमीन पर गाड़े गए अवैध शराब लहन को बाहर निकलवाया है इस दौरान एक भी अवैध शराब कारोबारी पकड़ा नहीं जा सका है पुलिस के जवानों ने जमीन में गड़े हुए अवैध शराब लहन के डिब्बों को मौके पर ही नष्ट करवा दिया है पुलिस



के अनुसार लगभग 2 कुंतल अवैध शराब लहन नष्ट कराया गया है छापा मारने वाली टीम में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा, आबकारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार, सैनी कोतवाल जे के शर्मा, अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार, सिराथू चौकी इंचार्ज चंदन सिंह मय हमराही मौजूद रहे।

## जेसीबी से तालाब की खुदाई मनरेगा से भुगतान!

**कौशाम्बी।** सरसवां विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरावा नौबस्ता में बीते 3 वर्षों के दौरान विकास योजनाओं के नाम पर जमकर ढिंढोरा पीटा गया दर-दर पर सरकारी खजाने से रकम निकाली गई है।

जांच करने वाले अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों से संलिप्त हो चुके हैं जिससे सरकारी खजाने को बड़ी चपत लग रही है गांव के अतुल त्रिपाठी ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के द्वारा सरकारी खजाने से सरकारी रकम निकालने के बाद विकास कार्य ना कराए जाने की जांच कराए जाने और सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है भ्रष्टाचार का आलम यह है कि मनरेगा योजना में जेसीबी से तालाब की खुदाई हो रही है और मनरेगा से मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करके भुगतान हो रहा है देखने वालों ने चुप्पी साध रखी है। बताया जाता है कि गांव में तालाब खुदाई के नाम पर 26 लाख रुपए फर्जी तरीके से

**तीन वर्ष के दौरान ग्राम पंचायत में करोड़ों खर्च किए जाने के बाद मूलभूत आवश्यकता को तरस रहे ग्रामीण**

निकाल ली गई है लेकिन विकास नहीं दिखाई पड़ा है इंटरलॉकिंग रिबोर नाली नाला खड़ंजा आदि के निर्माण मरम्मत पर फिर बड़े बजट निकल गए हैं 14वां 15वां वित्त में भी फर्जी बिल बाउचर के सहारे 3 वर्षों से जमकर भुगतान कराया जा रहा है बार-बार ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने से मुंह मोड़ लिया है जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान पंचायत सचिव मौज कर रहे हैं और ग्रामीण विकास योजना को तरस रहे है शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए 3 वर्षों के दौरान गांव में कराया गया विकास कार्य की जांच कराए जाने दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को दंडित किए जाने और भ्रष्टाचार के रकम की रिकवरी की मांग की है।

## पन्नोई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**महगांव कौशांबी।** चायल तहसील के विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत पन्नोई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी गई। अलग अलग विभागों के आधिकारी कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे और अपने अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं की पूर्ण जानकारी ग्राम पंचायत पन्नोई के ग्रामीणों को दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा की अगुवाई करने पहुंचे जनपद के सांसद विनोद कुमार सोनकर के बड़े भाई संतोष सोनकर को ग्राम प्रधान विनोद कुमार यादव द्वारा माला पहनाकर कर स्वागत किया गया और कार्यक्रम की शुरूवात की गई ।उसके साथ भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रतिभा कुशवाहा राम नरेश पासी, भय्यान पासी, राम मिलन, उपेंद्र सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बृजेश उपाध्याय, प्रमोद प्रजापति, ग्राम पंचायत बलकरनपुर के ग्राम प्रधान मानसिंह, सुभाष विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष आदि लोग इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहें, साथ ही बडी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए। विकसित भारत



संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड मूरतगंज के एडीओ पंचायत जनकिशोर त्रिपाठी ने गरीबी उन्मूलन से संबंधित सभी योजनाओं के बारे में आम जनमानस को जानकारी देते हुए पीएम आवास योजना, सीएम आवास योजना, शौचालय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सेवा समूह, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जैसी तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इसके बाद समाज कल्याण विभाग के आईएसबी आदित्य सिंह ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी देते हुए पीएम पेंशन योजना, विधवा, वृद्धा पेंशन, विकलाग पेंशन योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग सुपरवाइजर आगनवाड़ी से गीता देवी ने गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चो के पोषण संबंधित जानकारी दी गई। स्वास्थ विभाग से डॉक्टर सुनीता सिंह, पंकज बाबू पाल, नर्स चंपा पटेल , आशा संगनी राम कुमारी द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी और दवाएं उपलब्ध कराई गई। इसी कड़ी में पशु चिकित्सा विभाग से ज्योति तिवारी पशुधान प्रसार आधिकारी ने ग्रामीणों को पशु पालन, पशु लोन, पशुओं के स्वास्थ्य संबधित बीमारियों और पशु एम्बुलेंस सेवा की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कृषि विभाग के तान्यमय सिंह तकनीकी सहायक, खाद्य एवम रसद विभाग से अतुल सिंह ऑपरेटर, उज्जवला योजना एलपीजी कनेक्शन के लिए काजू इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर रामू प्रसाद मौजुद रहे। ग्राम प्रधान विनोद कुमार यादव और ग्राम सचिव अंशुमान द्वारा ग्रामीणों को अपने गांव के विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए जिन ग्रामीणों को किसी सरकारी योजना का लाभ नही मिल रहा है उनका नाम लिख कर योजनाओं के लाभ देने के लिए कहा है। भारत लाल व राजेन्द्र प्रसाद, राम चन्द्र ने पीएम किसान पेंशन के लिए, सुनीता देवी व प्रीति कुमारी ने आवास के लिए, पन्ना लाल, जीवन लाल, रमेश सिंह, प्रदीप पटेल, मुकेश सिंह, कन्हैया लाल, तेज बहादुर आदि ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को नोट करवाया।

## हाइवे से 90 बोरी धान उठा ले गए चोर, सीसीटीवी फुटेज से पुलिस जांच में जुटी

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग भौंतर मोड़ के पास चंदेल हार्डवेयर दुकान के सामने सड़क किनारे रखे धान के 90 बोरे चोर उठा ले गए भुक्त भोगी श्री राम ट्रेडर्स के मालिक रोहित कुमार ने बताया कि इस समय धान खरीद का सीजन चल रहा है उसने धान खरीदकर चंदेल हार्डवेयर दुकान के सामने रख रखा था जिसे बीती 23 दिसंबर की रात 90 बोरी धान चोर उठा ले गए रोहित ने एक पिकप वाहन का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिखाया है पुलिस फुटेज लेकर चोर की तलाश में जुट गई है।




## घासीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बैरमपुर कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत घासीपुर विकास खण्ड सरसवां में रविवार को ग्राम चौपाल और विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई है इस कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि विभाग के आधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के




आधिकारी सहित भूपेंद्र सिंह मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह वैज्ञानिक उद्यान कृषि विज्ञान केंद्र कौशांबी नागेंद्र त्रिपाठी पूर्व सेक्टर अध्यक्ष सुशील कुमार डीपीओ संदीप सिंह कृषि विभाग अखिलेश कुमार सिंह बूथ अध्यक्ष सागर स्वास्थ्य विभाग सूर्यभान सिंह अल्ट रवि सिंह एडीओ आईएसबी प्रदीप सिंह कृषि विभाग ग्राम प्रधान अनूप कुमार चौधरी ग्राम वासी रोशन लाल गजाधर प्रसाद संगम लाल सत्यजीत सिंह शिवाकांत प्रधान अध्यापक व समस्त स्टाफ ग्राम सभा घसीपुर बैरम पुर उपस्थित रहे।

## प्रेस लिखी काली थार गाड़ी बालू वाहनों को पास कराने में निभाती है अहम भूमिका

**कौशाम्बी।** चायल सर्किल क्षेत्र में इन दिनों प्रेस लिखी काली थार गाड़ी की चर्चा जोरों पर है। प्रेस लिखी काली थार गाड़ी रात के अंधेरे में ओवर लोड बालू वाहनों को पास कराने में अहम भूमिका निभाती है। अधिकारियों का लोकेशन बताने के लिए बालू वाहनों के आगे काली थार चलती है और पीछे बालू वाहन चलते हैं जिसके चलते ओवर लोड बालू वाहन कार्यवाही से बच निकलते हैं। प्रेस लिखी काली थार गाड़ी अक्सर पिपरी थाना क्षेत्र के इर्द - गिर्द घूमती है और अधिकारियों का लोकेशन बताती है। जन चर्चाओं पर जाएं तो सिर्फ ओवर लोड बालू वाहन पास कराने के लिए काली थार गाड़ी पर प्रेस लिखाया गया है।

## देश के किसान नौजवान और गांव के लोग एकजुट होने का संकल्प लें : राकेश टिकैत

**सैयद सरावां कौशाम्बी।** चायल तहसील के पहाडपुर सुधवर ग्राम में भारतीय किसान यूनियन का कार्यक्रम आयोजित हुआ भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष राकेश सिंह टिकैत गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल हुए इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के किसान नौजवान और गांव के लोग एकजुट होने का संकल्प लें तभी किसानों की देश में तरक्की होगी उन्होंने कहा कि किसान हित के लिए वह हमेशा तैयार है और किसानों का उत्पीड़न शोषण नहीं होने दिया जाएगा कार्यक्रम में मध्याचल प्रदेश अध्यक्ष शालिग्राम यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, एवं कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी ने किसान हित की लड़ाई लड़ने पर ध्यान केंद्रित कर



और कई मुदो पर बात की बातचीत कर किसानो के साथ बैठकर उनकी समस्या भी सुनी गाँव के श्रवण कुमार पांडेय, राजकुमार, रोहित कुमार, रौनक, तहसील अध्यक्ष मुहम्मद साहिद ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ सिंह और दीपक पाण्डेय, सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

## लकड़ी लदा ओवरलोड ट्रक पलटा, ड्राइवर हुआ चोटहिल



**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज कानपुर लेन पर अंबर ढाबा के समीप लकड़ी लदा ट्रक ओवरटेक के चक्कर में पलट गया ड्राइवर जफर पुत्र हनीफ भरत पुर राजस्थान,अरबाज खान प्रयागराज से शीशम की लकड़ी लोडकर राजस्थान जा रहा था बीती देर रात 2 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग अंबर ढाबा के समीप दूसरे ट्रक को ओवर टेक के चक्कर में पलट गया जिसमे ड्राइवर को मामूली चोट आई है।

## सोलर लाइट लगाए जाने में करोड़ों की रकम खर्च किए जाने के बाद गांव क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त!

**लाखों रुपए की रकम ग्राम पंचायत के बैंक खातों से निकलने के बाद आधे अधूरे गांव में भी नहीं जल रही है सोलर लाइट**

**कौशाम्बी।** गांव में प्रकाश व्यवस्था कराए जाने के लिए सरकार के निर्देश पर सोलर लाइट लगाए जाने का कार्य शुरू हुआ अधिकारियों की अनदेखी और कमीशन खोरी के चलते अन्य योजनाओं की तरह सोलर लाइट योजना भी कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने बैंक खातों से सोलर लाइट लगाए जाने के नाम पर लाखो रुपए की रकम का भुगतान तो कर दिया लेकिन कुछ ग्राम पंचायत में घटिया क्वालिटी की सोलर लाइट लगाई गई जो खंबे की तरह सोलर लाइट खड़ी तो हो गई लेकिन तमाम ग्राम पंचायत में सोलर लाइट जल नहीं सकी है कुछ ग्राम पंचायत में सोलर लाइट जले तो गई लेकिन 10-15 दिन बाद सोलर लाइट खराब हो गई है कुछ ग्राम पंचायत में 20 प्रतिशत के लगभग ही सोलर लाइट जल रही है अधिकांश सोलर लाइट खराब हो गई है लेकिन सोलर लाइट घोटाले की योजना में अधिकारियों ने जांच नहीं कराई है दोषियों को दंडित नहीं किया गया है बताया जाता है कि विकास भवन के एक अधिकारी की शॉर्टकट से सोलर लाइट योजना धांधली की भेंट चढ़ गई है यदि सोलर लाइट योजना की शासन स्तर से जांच कराई गई तो ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी और विकास भवन के जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार की कलई खुलना तय है एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात कर रही है दूसरी तरफ योगी सरकार के अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं जिससे कोई भी योजना जमीनी सतह पर सफल होती नहीं दिख रही है जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है सोलर लाइट योजना जिले के आठो विकासखंड क्षेत्र के लगभग संपूर्ण ग्राम पंचायत में अमली जामा पहनाने का प्रयास किया गया है यदि आंकड़ों पर गौर करें तो इस योजना में 5 करोड रुपए से अधिक की रकम ग्राम पंचायत ने सरकारी खजाने से निकली है लेकिन उसके बाद सोलर लाइट योजना पूरी तरह से फ्लॉप साबित हो रही है आखिरी योजना के संचालन में इतनी बड़ी लापरवाही विकास भवन के अधिकारियों ने क्यों की है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक सोलर लाइट योजना की जांच करा कर ग्राम पंचायत के दोषियों के साथ-साथ योजना की मॉनिटरिंग में लापरवाही करने वाले विकास भवन के अधिकारियों को दंडित नहीं किया गया है क्षेत्र के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सोलर लाइट योजना की जांच कराए जाने और योजना में भ्रष्टाचार करने वाले ग्राम पंचायत और विकास भवन के अधिकारियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

## पूर्व सभासद विपिन केशरवानी के पिता का निधन

**कौशाम्बी।** भरवारी नगर के मेहता रोड निवासी ब्यापारी जुग्गीलाल केसरवानी उम्र 79 वर्ष का बीमारी के चलते इलाज के दौरान 24 दिसम्बर दिन रविवार को निधन हो गया है उनका अन्तिम संस्कार 25 दिसम्बर दिन सोमवार सुबह 10 बजे के बाद संदीपन घाट गंगा नदी के किनारे होगा जुग्गी लाल केशरवानी के बेटे विपिन केसरवानी भरवारी नगर पंचायत के पूर्व में सभासद रह चुके हैं ईश्वर परिवार जन को इस दुःख की घड़ी को सहन



करने की शक्ति दें।प्रभु मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शांति प्रदान करें नगर में दुख की लहर है।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत भेजा

अझुवा कौशांबी अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद अभियुक्त छेद्दु पुत्र भैया लाल निवासी नादेमयी को अझुवा चौकी पुलिस ने हिरासत में लेकर न्यायलय को सुपुर्द किया है।

## संपादकीय

# सकारात्मक सोच के साथ वर्तमान को सार्थक बनाएं

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

# स्वार्थी सांसदों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया

**प्रियंका सौरभ**

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है।




अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है।

सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है?

यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्न भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है।

कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं। जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लाखों गरीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं?

एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए।

लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी किस्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ खुद-ब-खुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है।

# कहने को गठबंधन पर सबके अपने राग

जून से दिसम्बर आकर चला गया, अभी तक इस सवाल का हल नहीं निकला कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस (इंडिया) नामक गठबंधन का अगुवा कौन होगा ? वैसे इसमें 28 दल हैं, और सबकी चाहत है कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा से लड़ने को एक संयुक्त मोर्चा बनाने में जितना संभव हो, अधिक से अधिक विपक्षी दलों को साथ जोड़ा जाए। इस गुट की स्थापना करने में, कांग्रेस का योगदान उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अन्य क्षेत्रीय पार्टियों का, यह एक तरह से गांधी परिवार की स्वीकारोक्ति है कि उसकी राजनीतिक विरासत अपने बूते पर भाजपा से मुकाबला करने लायक नहीं रही। वैसे भी इस गठबंधन की बैठकों की श्रृंखला से भी यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस का रुतबा बाकियों से ऊपर न होकर, बराबरी का है। कुछ घटनाएं इस गठबंधन की जरूरत को और गहराई से रेखांकित करती हैं खासकर कांग्रेस के लिए, पटना में इंडिया गठजोड़ के पहले सम्मेलन से जो अनुकूल माहौल बना था, वह आगे चलकर फीका होता गया। इससे सात महीने पहले, राहुल गांधी की व्यापक भारत जोड़ो यात्रा पूरा होने के बाद भी कुछ आस बंधी थी। जो आमतौर पर लोगों के बीच उनकी छवि एक अनिच्छुक और अनाड़ी राजनेता होने को बदलने में कुछ हद तक सहायक हुई। कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रभावशाली जीत भी हासिल की और जनता दल (सेक्युलर) को खत्म कर डाला, जिससे



उसने राजग की शरण लेनी चाही है।

इस साल खत्म होते-होते विपक्ष के लिए परिदृश्य मायूसी में बदल गया। भाजपा ने हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर में एकतरफा जीत हासिल कर ली। इस क्षेत्र में अब कांग्रेसी विधायकों का वजूद यहां-वहां है। संसद में चले शीतकालीन सत्र में, भाजपा ने 2024 में सत्ता-वापसी के कयासों के बीच, अपनी लगभग-आधिपत्य वाली स्थिति को पुनः सुदृढ़ किया है। संसद की सुरक्षा में लगी हालिया सेंध पर विपक्ष द्वारा सरकार से सदन के भीतर वक्तव्य की मांग की भाजपा ने जरा परवाह नहीं की। न केवल सरकार ने सदन में हंगामा करने वालों को पास मुहैया करवाने वाले सांसदों को उत्तरदायी ठहराने के सुझाव को खारिज किया बल्कि बिना बहस करवाए वह कानून भी पारित करवा लिए जिनका डाटा सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली पर दूरगामी असर होगा। विपक्षी सांसदों का थोक में निलम्बन किए जाने के बाद, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की उपस्थिति शेष सत्र में नगण्य हो गई है। दोनों सदनों का यह परिदृश्य आरएसएस की लंबे समय से पाली आकांक्षा की परिणति है, जिसके तहत वह चाहती है कि केंद्र में एक धाकड़ सरकार हो और राज्य सरकारें उपग्रह की हैसियत से परिक्रमा करती रहें।

ये हालात विपक्ष के गठबंधन को फलीभूत करने में कितने पूर्व-संकेतक हैं? 19 दिसम्बर को इंडिया गुट के घटकों की नई दिल्ली में बैठक हुई, मकसद था, आपसी फूट को लेकर चल रही चचाओं का निराकरण किया जाए, जो पिछले सत्रों के बाद और हालिया राज्यों के चुनावों से पहले सीट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी, जनता दल (युनाइटेड) और राष्ट्रीय लोकदल के बीच खींच-तान से पैदा हुई थीं। बैठक- जिसमें शिव सेना (उद्धव), उत्तर प्रदेश एवं बिहार में मंडल कमीशन नीत राजनीति करने वाली पार्टियां, डीएमके एवं उसके सहयोगी दल और आम आदमी पार्टी शामिल थे- दलों के बीच सहयोग और सर्वसम्मति बनाने को लेकर थी, लेकिन यह हो न पाया। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या प्रतिभागी पूर्व में अप्रासंगिक माने जा चुके मुद्दों को उठाकर अपना नुकसान करने पर आमादा थे या फिर अपने विरोधाभासों को व्यक्त करके बहुत खुश थे।

तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी और आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन की ओर से बतौर प्रधानमंत्री चेहरा बनाने का सुझाव दिया। लगता है उन्होंने इस मुद्दे पर अपने सिवा किसी अन्य से सलाह नहीं की थी, यह यकीन करते हुए कि वक्त आने पर बाकी सहयोगियों को इस बिंदु पर मना लेंगे कि भाजपा की अन्य पिछड़ा वर्ग वाली रणनीति का तोड़ इंडिया गठबन्धन की ओर से भारत का पहला दलित प्रधानमंत्री देने वाला पत्ता खेलने में है।

इलाकाई कटुता और अंतर-राज्य अस्वीकार्यता को और उभारती कुछ लाल लकीरें भी बैठक में खिंच गईं। जब डीएमके के वरिष्ठ प्रतिनिधि टीआर बालू ने नीतीश के भाषण के अनुवाद की मांग की, इस पर बिहार के मुख्यमंत्री ने यह कहकर झाड़ दिया कि उन्हें हिंदी आनी चाहिए, जो कि राष्ट्रीय भाषा है।

कहने को बैठक में आम सहमति बनी है कि सीट बंटवारे की प्रक्रिया साल के अंत तक पूरी कर ली जाए, लेकिन हकीकत में चीजें कहां खड़ी हैं? समाजवादी नेता राम गोपाल यादव ने साफ कर दिया कि बहुजन समाज पार्टी को जोड़ने का प्रस्ताव आया तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन छोड़ देगी। भले ही ममता बनर्जी ने साल के अंत तक सीट बंटवारा पूरा करने पर जोर दिया लेकिन खुद उनकी ओर से ऐसा संकेत नहीं मिला कि वे अपने सूबे में तृणमूल-कांग्रेस-वामदलों के साथ बृहद गठजोड़ बनाने को तैयार हैं। इंडिया गठबंधन के समक्ष ये दुश्वारियों के केंद्र में कांग्रेस द्वारा खुद को एक ऐसा सर्वमान्य अग्रणी की भूमिका में न ढाल सकना है, जो विभिन्न विचारधारा वालों को बांधकर रख सके, जिनकी अपनी अलग महत्वाकांक्षा और जो अलग-अलग तूती बजा रहे हैं।

# विषम परिस्थिति पर नियंत्रण ही जीवन की अग्नि परीक्षा

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।

# भिखारियों से शर्मिंदा है देश

**आत्माराम यादव पीव**

आज की तारीख में दुनियाभर के देशों में भारत का नेतृत्व करने वाले ये राजनेता वोट की भीख मॉगते समय भिखारियों के आत्मविश्वास को धराशाही कर वोट की भीख पाकर अपने भाग्य को आजमा कर भाग्यशाली बन जाते है। असल में देखा जाए तो भारत मॉ के भाल पर विराजमान भिखारी ये ही राजनेतागण है और ये ही असल में भारत मॉ के असली लाल भी है, जिनसे देश शर्मिंदा है। आपको आश्चर्य होगा कि भारत का सविधान भी अजब,गजब और अनूॅठा है जहॉ जनता के समक्ष अपनी कमर को इस प्रकार झुकाकर कि मानों उनकी कमर में रीढ़ की हडड्ी ही गायब हो और सनातन परम्परा को मात देकर मतदाताओं के हाथजोड़कर, पैर छूकर वोट की भीख मॉगने वाले आखिरकर जीत के बाद अपने सिर पर सत्ता का राजमुकुट धारण कर सरकार चलाते है। एक और ऐसे गरीब,मजबूर, लाचार, दुखियारे बदनसीब लोग होतें है जिन्हें इन सरकारों की ओर से इनकी योग्यताओं को दरकिनार रखकर इनके रोजगार, स्वास्थ्य, पढ़ाई आदि की व्यवस्था न किए जाने पर वे अपने दिल से बेशर्मी को त्यागकर भीख मॉगने निकलते है, वहीं दूसरी ओर भारतीय संस्कृति में दान-पुण्य से मोक्ष पाने की देशना के रहते लोगों द्वारा खुलकर भीख दिए जाने पर अधिंकाश लोग इसे अपना व्यवसाय समझ कर भीख मॉगते हैं तो वहीं दूसरी ओर गिरोहों के रूप में बच्चों-महिलाओं को अगवा कर शारीरिक अपंग बनाकर भीख मॅगवाने का कारोबार चरम पर है। यह एक गंभीर अपराध है पर ऐसे गिरोहों के सरगनाओं पर देश के भिखारी राजनेताओं का बरदहस्त होने से प्रशासन खामोश रहता है। देश समस्याओं से ग्रस्त है, इसलिए समस्याऍ कभी खत्म नहीं होती है। सरकारें विकास के नए आयाम हासिल करने के लिए अरबों रुपए अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कर अपने विकास का ढिढौरा पीटती है, विकास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा धराशाही दिखाई देता है, सरकारें तत्काल दूसरों पर दोषारोपण कर अपना पल्ला झाड़ती है। एक ओर सामान्य भिखारी मंदिरों, चौराहों, होटलों, पार्को, राष्ट्रीय स्मारकों के आसपास विदेशी सैलानियों सहित अधिक भीड़वाले क्षेत्र में भीख मॉगने बैठते है कि भिखारियों के कारण देश की बदनामी न हो, स्थानीय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन भिखारियों को डण्डे के बल पर खदेड़ता दिख जाएगा। आश्चर्य की बात है कि देश के भीतर कटोरा लिए इन भिखारियों के कारण देश की बदनामी राजनेताओं को दिखाई दे जाती है पर उन राष्ट्रप्रमुख भिखारियों का क्या ? जो देश के विकास के नाम पर, प्रदेशों में मेट्रो, बिजली, पानी, सुरक्षा, विकास, शिक्षा, संस्कृति आदि तमाम बनती-बिगड़ती, योजनाओं के नाम पर अमीर देशों के सामने कटोरा लेकर भीख मॉगकर लाते है क्या इससे देश बदनाम नहीं होता।

# फिल्म फेस्टिवल में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को मिला बुंदेलखंड गौरव सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 9वें खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मंदाकिनी नदी की निरंतर सफाई व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को बुंदेलखंड गौरव सम्मान से नवाजा। ये सम्मान उन्हें राष्ट्रीय संत/कथा व्यास स्वामी चिन्मयानंद बापू ने दिया।

पिछले एक दशक से ज्यादा समय से बुंदेली सेना लगातार मंदाकिनी नदी सफाई, प्रदूषण रोंकथाम को प्रयास कर रही है। नदी बचाने को जनजागरूकता कर रही है। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों का भू-विसर्जन हो या पालीथिन में भरकर पूजन सामग्री फेंकने की



अजीत सिंह को सम्मानित करते चिन्मयानन्द।

परम्परा बुंदेली सेना ने परवान चढ़ाया है। मई-जून में 35 दिन तक नदी की सफाई कर घाटों की सफाई का अभियान चलाया है। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह की पहल पर नयागांव रपटा नदी के बीच में बने विशाल टीले को जिलाधिकारी ने पोकलेन मशीन से खुदाई कराई। खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के समापन पर राष्ट्रीय संत कथा व्यास स्वामी चिन्मयानंद बापू ने अजीत सिंह को बुंदेलखंड गौरव सम्मान से नवाजा। उन्हे मैडल, शाल, श्रीफल व प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान मंच में अभिनेत्री जया प्रदा, स्व श्रीदेवी के पति/निर्देशक बोनी कपूर, अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी, पंजाब की गायिका मनकौर, वरिष्ठ नेता रामकृष्ण कुसमरिया मौजूद रहे। अजीत सिंह ने फिल्म फेस्टिवल के संयोजक राजा बुंदेला के प्रति आभार जताया है। सात दिवसीय फेस्टिवल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। 16 से 22 दिसंबर तक फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा रहा। धर्मनगरी चित्रकूट के संतो का फेस्टिवल के शुभारम्भ व समापन में स्वामी चिन्मयानंद का मार्गदर्शन मिला। अभिनेत्री आशा पारेख, हास्य अभिनेता आसरानी, खलनायक की भूमिका निभाने वाले गुलशन ग्रोवर, महाभारत में मै समय हूं में आवाज देने वाले हरीश भिमानी, कहानीकार असगर बजाहत, अभिनेता अली खान, गदर-2 के खलनायक मनीष बाधवा, फ्रांस की अभिनेत्री मोरियन गोर्गो, तेनालीराम विजय कश्यप, कर्ण पंकज धीर समेत अन्य हस्तियां मौजूद रहीं। सौ से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। बुंदेलखंड की दर्जनों प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। मुख्य संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला नौ वर्षों से फेस्टिवल कराते हैं।

## अन्तिम दिन दंगल में कुश्ती देख लोग हुए दंग

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पूरब पताई गांव के ऐतिहासिक विराट ईनामी दंगल के अंतिम दिन पहलवानों के दांव-पेंच देखकर लोग दंग रह गये।

रविवार को दंगल के अंतिम दिन रोमांचक कुश्तियां देखने को दूर-दराज से हजारों लोग आये। दंगल में 17 कुश्तियां हुईं। दूसरे प्रदेशों से पहलवान हिस्सा लेने दंगल में आये थे। दंगल आयोजक पूर्व प्रधान पूरब पताई ठा हरकेश बहादुर सिंह ने बताया कि कई वर्षों से ये परंपरा चली आ रही है। गांव के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। मंडौर जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, राजेश मिश्रा, राहुल द्विवेदी, पप्पू बरहा, रामलीला कमेटी अध्यक्ष एड कुंवर बृजेश सिंह, पूरब पताई के पूर्व प्रधान ठा हरकेश बहादुर सिंह, नरेश बहादुर सिंह, एड सौरभ सिंह, अमन सिंह एड, बडेलाल तिवारी, पुष्प नारायण दिवेदी, मलखान आदि मौजूद रहे।



पहलवानों से हाथ मिलाते हरकेश बहादुर सिंह।

## ढाई किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने कोल्हू खेर मजरा पहरा के नाला रपटा से अवधेश यादव उर्फ देशा पुत्र स्व वाशुदेव यादव कोल्हू खेर मजरा पहरा के कब्जे से ढाई किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दबोचे गांजा कारोबारी का आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा बालकिशुन, दरोगा राकेश कुमार, सिपाही शिवम मिश्रा व अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## 16 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा रामचन्द्र बुन्देला की टीम ने मनोज कुमार पुत्र मइयादीन नांदी के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा रामचन्द्र बुन्देला व सिपाही अनिकेत शामिल रहे।

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा शैलेंद्र कुमार सिंह की टीम ने वारंटी अखिलेश पुत्र राम प्रताप पटेल व अवधशरण पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी बंदरी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शैलेंद्र कुमार सिंह व सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## दस लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने कामता प्रसाद पुत्र स्व बच्चीलाल धवाड़ा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, दीवान जुबैर अली, सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

## एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने वांछित सोनू उर्फ रोहित पुत्र रामदास जवाहर नगर मानिकपुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही राजकुमार शामिल रहे।

## बनकट में 20 वर्षों के अवैध कब्जे हटाये



अवैध कब्जे हटवाती टीम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी के बनकट गांव में अवैध कब्जे की जांच में पता चला कि खलिहान व खाद गड्ढे पर कुछ लोगों ने 20 वर्षों से पानी की टंकी बनाकर अवैध कब्जाकर उपयोग कर रहे हैं। रविवार को अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी टीम समेत मौके पर पहुंचे। अवैध कब्जा धारियों को कब्जे हटाने को कहा। कब्जेधारी ने कब्जा नहीं हटाया। डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवा दिया। कब्जेदारों को कडे निर्देश दिये कि अब कोई अवैध कब्जा नहीं करेगा। अवैध कब्जा करने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। टीम में नायब तहसीलदार मंगल यादव, राजस्व निरीक्षक सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## परिक्रमा क्षेत्र को करें पालीथिन मुक्तः ईओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति के 96वें अभियान में नगर पालिका ईओ लालजी यादव ने कहा कि कामदगिरि परिक्रमा में प्रसाद लेने में पालीथिन का प्रयोग न करें। पालीथिन से प्रदूषण होने से लोगों को परेशानी होती है।

रविवार को स्वच्छ व सुंदर चित्रकूट के सपने को साकार करने को सभी दर्शनाथी सहयोग करें। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि शासन की मंशानुसार नगर पालिका कर्वी कामदगिरि स्वच्छता समिति संयुक्त रूप से परिक्रमा क्षेत्र को पालीथिन, थमाकोल से मुक्ति दिलाने का प्रयास कर रही है। पालीथिन संग्रह कर बाहर फेंकी



सफाई करते समिति के लोग।

जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि लगातार स्वच्छता से कामतानाथ परिक्रमा को पॉलिथीन, थमाकोल मुक्त किया जा रहा है। आम जनता भी पालीथिन के प्रयोग से दूर रहें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा क्षेत्र के आसपास पालीथिन, थमाकोल का प्रयोग न करें। स्वच्छता में सहयोग करें। आज के अभियान में वार्ड मेम्बर शुभम केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, नगर पालिका टीम ने सहयोग किया।

# बीस लाख कीमत के हरे गांजे समेत एक दबोचा, सीओ सिटी की अगुवाई में हुई छापेमारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में कर्वी कोतवाली पुलिस ने 570 किलो हरा व 650 ग्राम सूखा गांजा समेत एक को दबोचा है।

ज्ञात है कि रविवार को कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि बंधोइन गांव में एक व्यक्ति गांजे



गांजा कारोबारी के बारे में बताते सीओ सिटी।

की खेती कर रहा है। कर्वी कोतवाल ने सीओ सिटी को सूचना के बारे में बताया। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने बंधोइन गांव मजरा बड़ी तरी में छापेमारी कर मोतीलाल निषाद पुत्र रामभजन निवासी बंधोइन पुरवा को दबोचा। उसके खेत में लगे हरे गांजे व 650 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया। हरे गांजे को कटवाकर सील किया। वजन कराने पर 570 किग्रा गांजा निकला। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजे को सूखाकर बेंचता था। बरामद गांजे की कीमत 20 लाख रुपये आंकी गई है। गांजा बरामदगी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह, निरीक्षक आषुतोष त्रिपाठी, दरोगा अंशुल कुमार, सिपाही गोलू भार्गव, पीयूष शरण श्रीवास्तव, जयनारायण पटैरिया, आकाश सेन, विपिन कुमार, कुल्दीप द्विवेदी, राहुल देव, विनोद यादव शामिल रहे।

## व्यापारी सम्मेलन में राजापुर के व्यापारी लेंगे हिस्साः शानू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक राजापुर में छह-सात जनवरी को श्रीजी भवन में दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अध्यक्षता में व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही।

रविवार को राजापुर नगर अध्यक्ष शंकर दयाल जयसवाल, महामंत्री राजेश केसरवानी ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि छह-सात जनवरी को दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में राजापुर से भारी तादाद में व्यापारी शामिल होंगे। छह जनवरी को राजापुर से चित्रकूट को व्यापारी रवाना होंगे। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि तुलसी नगरी राजापुर का चित्रकूट धाम में विशेष महत्व है। संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की नगरी राजापुर में सम्मेलन से पर्यटन उद्योग व रोजगार के मद्देनजर उद्यमियों व व्यापारियों को प्रेरित किया जाएगा।

सात जनवरी को दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन से जो आगाज होगा, वह चित्रकूट के लिए पर्यटन व रोजगार तथा व्यापार की दृष्टि से सार्थक होगा। बैठक में अशोक सोनकर को राजापुर नगर उपाध्यक्ष, अजीत जाटव को नगर मंत्री, केशव केसरवानी को विधिक सलाहकार मनोनीत किया।

इस मौके पर मंडल मंत्री विनोद आर्य, मण्डल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, नगर कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, युवा अध्यक्ष रिंकू केसरवानी, संगठन मंत्री सुरेश जयसवाल, अमित मिश्रा, दीपू, विकाश अग्रहरि, संदीप अग्रहरि, जगदीश प्रसाद, बच्चा साहू, विपिन जायसवाल, बबलू गोस्वामी, केशवचंद्र, बड़कू सोनकर, अनुराग जायसवाल, दीपक कुमार, केशवचन्द्र आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# डकैतों से थरार्ने वाले क्षेत्र में है रामराजः नरेन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के खिचरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष कर्वी नरेन्द्र गुप्ता ने ग्रामीणों से ओजस्वी भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कौन-कौन जानते हैं। इस पर ग्रामीणों में कुछ ने हाथ उठाये तो कुछ ने चुप्पी साध ली। फिर चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि राशन व गैस की सुविधा मोदी-योगी दे रहे हैं।

रविवार को खिचरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि/नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि



विकसित भारत संकल्प यात्रा में खिचरी में मौजूद चेयरमैन।

एक समय था कि मानिकपुर क्षेत्र डकैतों से थरार्ता था, आज योगी का बुलडोजर अपराधीतत्वों पर गरज रहा है। माताओं-बहनों व भाइयों को सुख-चैन से रहने का मौका किसने दिया- योगी की रामराज की सरकार ने लोगों को हर स्तर पर राहत पहुंचाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राशन-पानी से लेकर किसान सम्मान निधि, पांच लाख तक के इलाज की सुविधा मुफ्त, बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण समेत कन्या सुमंगला योजना से बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक की गारंटी दी है। 2047 तक मोदी ने आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को उखाड फेकेंगे। देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर मौके पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया।

इस मौके पर मंडल महामंत्री सचिदानन्द, आनन्द द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल आदि व ग्रामीण-जनता मौजूद रही।

## शैक्षणिक संस्थानों से भाजपा खा गई आरक्षणः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रानीपुर खाकी गांव के मजरा बरमपुर में चैपाल में सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले कहा था कि सबका साथ-सबका विकास, लेकिन सरकार बनने के बाद पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, शोषित समाज को हासिये पर धकेल दिया। शैक्षणिक संस्थानों में लागू आरक्षण पूरी तरह खा गई।

रविवार को सपा नेता अनुज सिंह यादव ने बरमपुर गांव में लगी चैपाल में कहा कि भर्तियों में आरक्षण से छेड़-छाड़ जारी है। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा। महंगाई चरम



चौपाल में बोलते सपा नेता अनुज यादव।

पर पहुंच गई है। भाजपा नेता थानों की दलाली में मस्त है। महिलाओं के साथ आये दिन जुल्म हो रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी होने की बजाय एक गुना भी नहीं हो रही, जबकि भाजपा नेताओं की आय चैगुनी होती जा रही है। एकजुट हो चुका विपक्ष आगामी चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पटेल, अरशद खान, लालबहादुर निषाद, राम प्रसाद वर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, रजित यादव आदि मौजूद रहे।

## संविधान विरोधी है भाजपा का सोच-चिंतनः मान सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती पर सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

शनिवार को सपा के वरिष्ठ नेता/बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने कहा कि चैधरी साहब के बताये रास्ते पर चलकर ही देश में समृद्धि लाई जा सकती है। चैधरी चरण सिंह का मानना था कि राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है, जब ग्रामीण क्षेत्र का उन्नयन होगा। ग्रामीण क्षेत्र की क्रय शक्ति बढ़ेगी, देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेतों-खलिहानों से गुजरता है। कृषि एवं किसानों के विकास से ही राष्ट्र का विकास होगा। देश में किसानों की तादाद ज्यादा है। भाजपा शासनकाल में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। प्रधानमंत्री का 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प झूंठा एवं थोथा साबित हुआ। किसानों की आय नहीं बढ़ी, बल्कि कृषि में उपयोग होने वाले उर्वरक के दाम दोगुने हो गए हैं। पटेल ने कहा कि हाल में सांसदों का निलम्बन देश के लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा की सोच व चिंतन संविधान विरोधी है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ मधुसूदन कुशवाहा, एजाज खान, लालमन यादव, नंदू यादव, अवध पटेल, नरेंद्र यादव, छोटकू पटेल, हरि प्रकाश विश्वकर्मा, सुनील कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# जबलपुर ने चंदौली को रौंदा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के नेशनल क्रिकेट टूनामेंट चित्रकूट चैलेंज कप में महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में पूर्वांचल स्पोर्ट क्लब चंदौली व जबलपुर के बीच मैच खेला गया।

रविवार को मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती प्रभा गुप्ता व नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, पूर्व महापौर सतना श्रीमती ममता पांडे, पार्षद नगर पंचायत श्रीमती रविमाला सिंह, महामंत्री भाजपा श्रीमती राजेश्वरी दुबे, विभागाध्यक्ष श्रीमती वंदना पाठक, प्रो अभय वर्मा, अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल आदि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर पूर्वांचल स्पोर्ट क्लब चंदौली की प्रिया 42, नेंसी 21 रनों से चार विकेट खोकर 97 रन बनाए। जबलपुर की निकिता व काजल को एक-एक विकेट मिले। 98 रनों के लक्ष्य को पाने को जबलपुर टीम की आफिया के 49, दिव्या के 16 व वैष्णवी के 11 रनों से निर्धारित लक्ष्य को 13.2 ओवर में दो विकट खोकर प्राप्त कर लिया। जबलपुर ने चंदौली को आठ विकेट से हराकर महिला टूनामेंट विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। जबलपुर की आफिया को शानदार खेल पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूनामेंट की बेस्ट बैटर जबलपुर की आफिया, बेस्ट बॉलर चंदौली की शुभम पाल, बेस्ट फील्डर चंदौली की प्रीति व वूमेन ऑफ द टूनामेंट जबलपुर की आफिया को चुना गया। उपविजेता व विजेता टीम को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में दूसरा मैच प्रशासनिक एकादश व नागरिक एकादश के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर प्रशासनिक एकादश ने दो विकेट खोकर 115 रन बनाए। आशीष ने 26, दिग्विजय ने 24 व सुरेश ने 31 रन बनाये। जवाब में नागरिक एकादश ने छह विकेट खोकर 71 रन बना सकी। ये मैच 44 रन से हार गई।

# विदेश संदेश

## पूर्वी इंडोनेशिया में चीन के स्वामित्व वाले संयंत्र में विस्फोट, 13 की मौत



**जकार्ता।** पूर्वी इंडोनेशिया के मोरोवाली औद्योगिक पार्क में स्थित चीन के वित्त पोषित निकल प्रसंस्करण संयंत्र में रविवार सुबह हुए विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 घायल हो गए। मृतकों में इसी संयंत्र के आठ इंडोनेशियाई और चीन के पांच श्रमिक हैं।

इंडोनेशिया के अखबार जकार्ता पोस्ट के अनुसार इस औद्योगिक पार्क के प्रवक्ता ने कहा है कि यह दुर्घटना मध्य सुलावेसी प्रांत में चीन के वित्त पोषित पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील (आईटीएसएस) संयंत्र में सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। मृतकों में आठ इंडोनेशियाई और चीन के पांच श्रमिक हैं। यह विस्फोट संयंत्र की एक भट्ठी पर मरम्मत कार्य के दौरान हुआ। इससे ज्वलनशील तरल पदार्थ में आग लग गई। इसके बाद हुए विस्फोट के कारण पास के ऑक्सीजन टैंक भी फट गए। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है

## पेंटागन का दावा-भारत आ रहे तेल टैंकर पर हमला ईरानी ड्रोन से किया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने दावा किया है कि भारत आ रहे तेल टैंकर (जहाज) एमवी केम प्लूटो पर अरब सागर में भारतीय तट के पास ईरानी ड्रोन से हमला किया गया। इससे लाइबेरिया के झंडे लगे इस जहाज के एक हिस्से में आग लग गई।

पेंटागन के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में वेरावल से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किलोमीटर) दूर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में इस जहाज पर ईरान से आए ड्रोन से हमला किया। इसके कारण आग लगी। पेंटागन ने कहा है कि यह 2021 के बाद से वाणिज्यिक शिपिंग पर सातवां ईरानी हमला है।

यह हमला इजराइल-हमास युद्ध के बीच ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के लाल सागर में जहाजों पर हमले तेज करने के दौरान सामने आया है। बताया गया है कि यह हमला शनिवार को सुबह 10 बजे हुआ। पेंटागन ने कहा है, 'अमेरिकी सेना संचार के साथ इस जहाज से जुड़ी हुई है। यह भारत में एक गंतव्य की ओर बढ़ रहा है।' इजराइल के इस कमर्शियल जहाज का स्वामित्व एक जापानी कंपनी के पास है। पेंटागन के बयान में कहा गया है कि एमवी केम प्लूटो जहाज लाइबेरिया के झंडे के साथ चल रहा था।

## लेबनान-इजराइल सीमा पर टकराव में दो हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए, पत्रकार घायल



**बेरूत।** हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच शनिवार को हुए टकराव में दो हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए और हिजबुल्लाह के स्वामित्व वाले अल-मनार टीवी के लिए काम करने वाला एक फोटो पत्रकार घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी।

नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में कम से कम 14 सीमावर्ती गांवों और कस्बों को निशाना बनाकर इजरायली भारी तोपखाने के हमलों में कई लोग हताहत हुए, इसके अलावा सीमा क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों पर इजरायली युद्धक विमानों ने दस छापे मारे।

इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने बयाद ब्लिडा, शुमीरा बैरक और अल-अबाद सहित इजरायली साइटों पर कई हमले किए।

## ऑनलाइन घोटालों में शामिल 40,000 से ज्यादा चीनी लोगों को म्यांमार से किया गया निर्वासित

**नई दिल्ली।** संबंधित समूहों के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर की शुरूआत से दिसंबर के मध्य तक तीन महीने की अवधि के दौरान म्यांमार के उत्तरी शान राज्य में गैरकानूनी ऑनलाइन घोटाला समूहों से जुड़े 40,000 से अधिक चीनी नागरिकों को गिरफ्तार और निर्वासित किया गया। शान राज्य, जिसे क्रिस्टल मेथामफेटामाइन तस्करी के केंद्र के रूप में जाना जाता है, चीनी सीमा के साथ परिक्षेत्रों में अन्य अवैध गतिविधियों से भरा हुआ है। अपराधी नागरिक अशांति और सशस्त्र संघर्ष का फायदा उठाते हैं, सशस्त्र संघर्ष करने वालों ने 2021 के तख्तापलट में सत्ता पर कब्जा कर लिया था। आरएफए की रिपोर्ट के अनुसार, पड़ोसी देश चीन की सीमा में आने वाला, उत्तरी शान राज्य उन चीनी धोखेबाजों के लिए फोकल प्वाइंट बन गया है जो अपने ही नागरिकों को निशाना बनाते हैं। म्यांमार पर शासन करने वाले सैन्य संगठन, राज्य प्रशासन परिषद, की मध्य दिसंबर की घोषणा के अनुसार, 31 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक, क्षेत्र में ऑनलाइन घोटाला समूहों से जुड़े लगभग 12,050 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार और निर्वासित किया गया।

वापस भेजे गए अधिकांश चीनी नागरिक कोकांग क्षेत्र में काम कर रहे थे, जिनकी अधिकांश जातीय चीनी आबादी ने सशस्त्र संघर्ष करने वालों के प्रतिरोध का समर्थन किया है।

आपराधिक गतिविधियों में शामिल अन्य चीनी नागरिकों की गिरफ्तारियां यूनाइटेड वा स्टेट आर्मी या यूएसडब्ल्यूए द्वारा नियंत्रित क्षेत्र में हुई हैं, जिसे म्यांमार में सबसे बड़ा जातीय सशस्त्र संगठन कहा जाता है। आरएफए ने बताया कि यूएसडब्ल्यूए सैनिकों ने 6-7 सितंबर को गिरोह में शामिल 1,000 से अधिक चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया और उन्हें तुरंत सीमा पार चीनी पुलिस को सौंप दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## फ्रांस के हवाई अड्डे पर फंसे भारतीयों से चार न्यायाधीशों ने पूछताछ शुरू की



**पेरिस।** फ्रांस के चार न्यायाधीशों ने मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस की राजधानी पेरिस के पास एक हवाई अड्डे में हिरासत में लिए गए विमान में यात्रा कर रहे 300 से अधिक भारतीयों से आज पूछताछ शुरू की। निकारागुआ जाने वाले विमान (ए-340) को ईंधन भरने के लिए गुरुवार को दुबई से आने के बाद से पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में वैट्री हवाई अड्डे पर रोका गया था। फ्रेंच अखबार ली मोंडे के अनुसार अधिकारियों को सूचना मिली थी कि इस विमान में मानव तस्करी के संभावित पीड़ित हैं। न्यायाधीशों के पास इनकी हिरासत अवधि को आठ दिन से ज्यादा बढ़ाने का अधिकार है। चारों न्यायाधीश कल भी सुनवाई कर सकते हैं। सुनवाई में अनुवादकों की मदद ली जा रही है। इस अखबार के अनुसार क्षेत्रीय अभियोजक एनिक ब्राउन ने कहा है कि इस फ्लाइट का संचालन रोमानिया की कंपनी लीजेंड एयरलाइंस कर रही है। उड़ान के 303 यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। अभियोजकों के अनुसार, इनमें 11 नाबालिग भी शामिल हैं। दस यात्रियों ने शरण का अनुरोध किया है। सुनवाई के दौरान पुलिस के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## यूक्रेनी और रूसी सैनिक 'चूहों के संक्रमण' से पीड़ित



**लंदन।** ब्रिटेन की खुफिया जानकारी के अनुसार, यूक्रेनी और रूसी सैनिक फ्रंटलाइन के कुछ क्षेत्रों में "असाधारण स्तर के चूहे और चूहों के संक्रमण" से पीड़ित हैं।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाल के महीनों में कम तापमान और प्रचुर मात्रा में भोजन के कारण चूहों की आबादी में वृद्धि हुई है।

इसमें कहा गया है, "इस साल की हल्की शरद ऋतु, साथ ही लड़ाई के कारण परती रह गए खेतों से पर्याप्त भोजन ने संभवतः चूहे की आबादी में वृद्धि में योगदान दिया है।"

जैसे-जैसे मौसम ठंडा हो गया है, जानवर संभवतः वाहनों और रक्षात्मक स्थानों में आश्रय की तलाश कर रहे हैं। चूहे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकों के मनोबल पर और दबाव डालेंगे।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, यूके इंटेलीजेंस ने कहा, "इसके अलावा, वे केबलों को कुतरकर सैन्य उपकरणों के लिए खतरा पैदा करते हैं - जैसा कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान उसी क्षेत्र में दर्ज किया गया था। असत्यापित रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि रूसी इकाइयां बढ़ती बीमारी के मामलों से पीड़ित होने लगी हैं।"

दूसरी तरफ यूक्रेन ने कहा कि उसकी सेना ने दक्षिणी मोर्चे पर तीन रूसी एसयू-34 लड़ाकू-बमवर्षक विमानों को मार गिराया है, इसे 22 महीने पुराने युद्ध में एक सफलता बताया है। रूसी सेना ने घटना का कोई जिक्र नहीं किया। लेकिन, रूसी ब्लॉगर्स ने नुकसान को स्वीकार किया। विश्लेषकों ने सुझाव दिया कि संभवतः अमेरिका से मिली पैट्रियट मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था।

## हमास ने कहा, गाजा में पांच इजरायली बंधकों को रखने वाले समूह से उसका संपर्क टूटा




**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि गाजा पट्टी में पांच इजरायली बंधकों को रखने वाले एक समूह से उसका संपर्क टूट गया है, आशंका है कि कुछ बंधक इजरायली हवाई हमले में मारे गए होंगे।

समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ब्रिगेड का "इजरायली हमले के दौरान" समूह से संपर्क टूट गया।

उन्होंने पांच बंधकों में से तीन के नाम बताए, इससे संकेत मिलता है कि कसम ब्रिगेड को गाजा में इजरायली हवाई हमलों में से एक में उनकी मौत का संदेह है, जबकि अन्य दो बंधकों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई।

इजरायली सेना ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। बंधकों में अनुमानतः 129 इजरायली और विदेशी शामिल हैं, जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद से पकड़ रखा है। हमास ने बंधकों के बदले में सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

## श्रीलंका में कोराना से बुजुर्ग की मौत



**श्रीलंका।** श्रीलंका के कैंडी में कोरोना संक्रमित एक 65 वर्षीय व्यक्ति की कल मौत हो गई। इससे कैंडी के नेशनल हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। श्रीलंका के अखबार डेली मिरर के अनुसार, गमपोला के अटगाला इलाके का रहने वाला 65 वर्षीय पीड़ित इसी अस्पताल में भर्ती था। उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। इस वजह से उसके फेफड़ों में संक्रमण हो गया था। परीक्षण में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। कुछ दिन पहले इम्यूनोलॉजी और आणविक चिकित्सा विभाग की प्रमुख प्रो. चंदिमा जीवनंदारा ने श्रीलंका में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के प्रकोप की आशंका जताई थी।


## बांग्लादेश में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी



**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार सुबह एक मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। यह घटना हबीगंज के माधबपुर में अखौरा-सिलहट रेलवे लाइन पर हुई है। मालगाड़ी में तेल लदा है।

बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस मालगाड़ी का एक डिब्बा रविवार सुबह करीब 9:15 बजे मंताला रेलवे स्टेशन पर बेपटरी हो गया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह डिब्बा गार्ड का बताया गया है। अखबार के अनुसार फिलहाल सिलहट-ढाका मार्ग पर रेल संपर्क सामान्य है। रिलीफ ट्रेन वहां पहुंच चुकी है। बेटपरी हुए डिब्बे को खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

## जापान में भूस्खलन की चपेट में आए अनेक वाहन चालक लापता



**टोक्यो।** जापान के नारा प्रांत में राष्ट्रीय मार्ग 169 पर 24 घंटे पहले हुए भूस्खलन की चपेट में आए वाहनों और लोगों की तलाश की जा रही है। इस दौरान एक वाहन चालक को बचा लिया गया है।

जापान के प्रमुख अखबार जापान टाइम्स के अनुसार नारा प्रांत में शनिवार को भूस्खलन के दौरान कई कारें फंस गई हैं। पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी टीमों के साथ कारों और उनके चालकों की तलाश कर रहे हैं। राहत और बचाव अधिकारियों के अनुसार इस दौरान एक 50 वर्षीय कारचालक की तलाश कर ली गई है। उसे सकुशल निकाल लिया गया है। यह व्यक्ति करीब सात घंटे तक वाहन के साथ फंसा रहा। इस स्थान पर मई में भी बारिश के दौरान भूस्खलन हुआ था। इस व्यक्ति का कहना है कि उसके आगे कई कारें चल रही थीं। अधिकारियों का कहना है कि लापता कारों और लोगों की तलाश की जा रही है।

## 2024 का चुनाव जीतने पर ट्रंप का उपराष्ट्रपति कौन होगा?



**वाशिंगटन।** कोलोराडो की शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने से पहले अन-?य अदालतों ने उनके मुकदमे की सुनवाई शुरू कर दी है। इस बात को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं कि 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) बॉस' उपराष्ट्रपति पद के लिए किसे चुनेंगे।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इसके अलावा रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के प्राइमरी और कॉकस अभी भी शुरू होने बाकी हैं और जीओपी केवल सर्वेक्षण संख्याओं का पालन कर रहा है, जो ट्रंप को निक्की हेली और रॉन डेसेंटिस के खिलाफ सबसे आगे के रूप में पेश करते हैं, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनावों में कमांडिंग बढ़त ने पहले ही संभावित बहस को जन्म दे दिया है। अमेरिका में दूसरे शीर्ष कार्यकारी पद के लिए कई नाम सामने आ रहे हैं, क्योंकि कुछ सांसदों ने मीडिया साक्षात्कारों में कहा है कि वे इस नौकरी में रुचि लेंगे। सहयोगियों के अनुसार, इस सप्ताह मार-ए-लागो में प्रतिनिधि एलिस स्टेफनिक, आर-एन.वाई. में एक हाई-प्रोफाइल समर्थक के साथ ट्रंप की मुलाकात के बाद अन्य नाम सामने आए हैं।

एलिस स्टेफानिक, जो ट्रंप के गृहराज्य न्यूयॉर्क से भी हैं, 39 वर्षीय हैं, और संभावित साथी बनने के लिए सबसे उग्र सहयोगियों में से एक हैं। वफादारी के मामले में, उन्होंने खुद को साबित किया है क्योंकि उन्होंने उनके अभियोगों की आलोचना की है और उन न्यायाधीशों के पास नैतिक शिकायतें दर्ज की हैं जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति से संबंधित मामलों की देखरेख की है। लेकिन न्यूयॉर्क काफी हद तक एक नीला राज्य है। वह पूर्व राष्ट्रपति का समर्थन करने वाली युवा महिलाओं से अपील कर सकती हैं। हालाँकि, वह न्यूयॉर्क से है, जिसने हाल के राष्ट्रपति चुनावों में नीले रंग में मतदान किया है। यूएसए टुडे ने चुनाव विशेषज्ञों के हवाले से कहा, "उपराष्ट्रपति के चयन में चुनावी विचार अक्सर अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए कोई ऐसा व्यक्ति जो पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, नेवादा, जॉर्जिया या एरिजोना जैसे राज्यों में रिपब्लिकन की मदद कर सकता है, विशेष रूप से मददगार हो सकता है।"

रिपोर्टों में कहा गया है कि ट्रम्प अभियान प्रबंधकों ने संभावित नियुक्तियों पर चल रही कहानियों को "समय से पहले" कहकर खारिज कर दिया - रनिंग मेट से लेकर व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ तक।

ट्रम्प ने लगभग दो महीने पहले एनबीसी साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने अपने उपराष्ट्रपति की भूमिका के बारे में ज्यादा नहीं सोचा है, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें उपराष्ट्रपति के रूप में एक महिला की "अवधारणा पसंद है"। उन्होंने कहा, "हम सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति को चुनने जा रहे हैं।"

निष्ठा अन्य सभी चीजों पर भारी पड़ेगी और उम्मीदवार की चुनाव योग्यता और ट्रम्प के लिए अधिक वोट खींचने की क्षमता, बिडेन और कमला हैरिस के डेमोक्रेट के दुर्जेय संयोजन के विपरीत, जहां बाद वाले हिस्पैनिक से लेकर एशियाई, भारतीय और अफ्रीकी तक सभी जातीय वोटों को खींचते हैं।

## इजराइल ने लेबनान और गाजा में दागी मिसाइलें, हमास के कई आतंकवादी मारे गए

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार सीमा पर जारी लड़ाई के बीच इजराइल की वायुसेना ने सुबह से अब तक दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला इलाके में कई बार हमला बोला है। इस हमले के पूरे ब्योरे का इंतजार है।

इजराइल के दूसरे अखबार यरुशलम पोस्ट के अनुसार इजराइल की वायुसेना ने गाजा शहर और मध्य गाजा के अन्य स्थानों में शनिवार सुबह ताबड़तोड़ मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे दीर अल-बाला क्षेत्र में भारी तबाही हुई है।

आईडीएफ ने कहा है कि गाजा शहर में हमास मुख्यालय पर हमला कर आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को हमास के खिलाफ अभियान में यह कामयाबी मिली। इसके अलावा गाजा शहर के इस्सा क्षेत्र में हमास की एक लंबी सुरंग को विस्फोटक के जरिये उड़ा दिया गया। आतंकवादी इस सुरंग का इस्तेमाल सुरक्षित रास्ते के लिए कर रहे थे।